चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 234, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 23 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

पीएम ने दिल्ली में 9-10 सितंबर को हुई जी20 समिट में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को संबोधित किया

'जी20 की सफलता का श्रेय जी20 टीम को'

नई दिल्ली: पीएम मोदी देश की राजधानी दिल्ली में 9-10 सितंबर को हुई जी20 समिट में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जी20 की सफलता का श्रेय आप सभी (टीम जी20) को जाता है। जी20 का सफल आयोजन हुआ, देश का नाम रोशन हुआ। चारो तरफ से तारीफ ही सुनने को मिल रही है। इसके पीछे जिसका पुरुषार्थ है, जिन्होंने दिन रात उसमें खपाई, जिसके कारण यह सफलता मिली वो आप सब हैं।

पीएम ने कहा कि हम सब तो मजदूर हैं और आज कार्यक्रम भी मजदूर एकता जिंदाबाद का है। मैं थोड़ा बड़ा मजदूर हैं और आप छोटे मजदूर हैं, लेकिन हम सब मजदूर हैं। आपने देखा होगा कि आपको भी इस मेहनत का आनंद आया होगा। अगर उस दिन रात में भी बुलाकर आपसे किसी ने कुछ कहा होगा, 10 या 11 तारीख को। तो आपको नहीं लगता होगा कि यार अब तो सब हो गया, अब ये मुझे बुलाकर क्यों परेशान कर रहे होंगे। आपको लगता होगा नहीं यार कुछ रह गया होगा, चलो मुझे कहा है तो पूरा कर दूं। ये स्पिरिट हमारी ताकत है। इस इवेंट में 22 विभागों के 2,500 अधिकारी शामिल रहे। डिनर के लिए जिन विभागों के अधिकारियों को बुलाया गया है उसमें दिल्ली पुलिस, विदेश मंत्रालय (एमईए), संस्कृति मंत्रालय, आईटीपीओ और एमएचए सहित अन्य विभाग शामिल रहे। विदेश मंत्रालय के 700 कर्मचारी, दिल्ली पुलिस, एसपीजी, राजघाट, सीआईएसएफ, आईएएफ और अन्य विभागों के 300 कर्मचारी शामिल रहे

'कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी'

पीएम ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है, ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। साथ ही उन्होंने कहा कि ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी। पीएम मोदी ने कहा, "ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। बीते 9 सालों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिश को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।"

सब ने मिलकर देश का नाम रोशन किया: दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सीपी और दिल्ली पुलिस के अन्य सीनियर अधिकारी भी मौजूद हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कभी-कभी लगता है कि कोई एक खिलाड़ी ओलिंपिक में जाकर मेडल लेकर आ जाए तो उसकी वाहवाही लंबे समय तक चलती है। आप सब ने मिलकर देश का नाम रोशन किया है, शायद लोगों को पता भी नहीं होगा कि कितने लोग होंगे, कितना काम किया होगा, किन परिस्थितियों में किया होगा। आप में से ज्यादातर वो लोग होंगे, जिन्हें इतने बड़े काम का हिस्सा बनने का मौका नहीं मिला होगा। आपने बहुत कुछ अपने तरीके से किया होगा। मेरा आप सब से आग्रह है, आप कहेंगे कि इतना काम करवा लिया क्या अभी भी छोड़ेंगे नहीं। मेरा एक अनुरोध है कि यदि आप सभी अपने अनुभवों को रिकॉर्ड कर सकते हैं।

पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिन की चर्चा होगी: मोदी

नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में शुक्रवार (22 सितंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीजेपी मुख्यालय में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है।"

पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिन की चर्चा होगी: उन्होंने कहा कि आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं। पीएम ने कहा, संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है।

कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराएंगे : राहुल

नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना समय की मांग है। कांग्रेस की सरकार बनी को हम जातिगत जनगणना कराएंगे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ओबीसी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। इसलिए जातिगत जनगणना कराई जानी चाहिए। देश में बड़ी आबादी ओबीसी समाज की है लेकिन उनका शासन और सत्ता में हिस्सेदारी कम है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि वो ओबीसी के लिए बहुत काम करते हैं। अगर वे ओबीसी के लिए काम करते हैं, तो 90 सचिवों में से सिर्फ 03 सचिव ओबीसी से क्यों हैं?

एनडीए में शामिल हुआ जेडीएस

नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए। इसी बीच राजग में औपचारिक तौर पर जनता दल सेक्युलर की एंट्री हुई। जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कुमारस्वामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को शॉल भेंट की। इस बैठक में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर विचार विमर्श हुआ।

दिल्ली में दिवाली पर नहीं फोड़ पाएंगे पटाखे

नई दिल्ली

दिल्ली में दिवाली पर पटाखे फोड़ने का इंतजार कर रहे लोगों को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली पर दिल्ली में सभी प्रकार के पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ बेरियम का उपयोग कर पटाखों के निर्माण और उपयोग की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी है। केंद्र सरकार और पटाखा निमाताओं ने इन पटाखों के निर्माण और बिक्री की प्रक्रिया की जानकारी रउ को दी थी। दोनों ने इनके निर्माण को मंजूरी का अनुरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश में सभी जगह बेरियम युक्त पटाखों पर बैन रहेगा। बेरियम से बने पटाखे कोई नहीं जला सकता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर हर जगह ग्रीन पटाखों को जलाया जा सकता है। इसी के साथ लड़ियों, रॉकेट जैसे पटाखों पर बैन बरकरार रहेगा। केजरीवाल सरकार ने लगाया पटाखों पर बैनः दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने हाल ही में राज्य में पटाखों के निर्माण, बिक्री और जमाखोरी पर बैन लगाया था। कोर्ट ने इससे पहले भी कहा था कि लोगों का स्वास्थ्य जरूरी है, न कि पटाखे जलाने। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकार ने जो फैसला लिया है उसका कड़े तरीके से पालन होना चाहिए।

भाजपा ने किया था विरोधः बता दें कि दिल्ली सरकार के फैसला का दिल्ली भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल हिंदूओं को उनका त्योहार अच्छे से मनाने नहीं देना चाहते हैं। इससे पहले भाजपा नेता मनोज तिवारी ने भी सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार के खिलाफ याचिका डाली थी।

इंफाल के कई हिस्सों में तनावपूर्ण स्थिति बरकरार

इंफाल: इंफाल के पूर्व और पश्चिम जिलों में शुक्रवार को स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन वहां माहौल शांत था। दरअसल, एक दिन पहले यहां कर्फ्यू लगाया गया था। दरअसल, गुरुवार को कुछ प्रदर्शनकारियों ने पांच युवकों की रिहाई की मांग करते हुए पुलिस स्टेशनों पर धावा बोल दिया। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने वहां पर कर्फ्यू लगा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, पांचों युवकों को अत्याधुनिक हथियार रखने और सेना की वर्दी जैसी छद्म वर्दी पहनने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

कई राउंड दागे गए आंसू गैस के गोलेः इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट और हिंगांग और इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई और क्वाकीथेल में पुलिस स्टेशनों पर हमला करने की कोशिश करने के बाद 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल थीं। इस स्थिति को काबू करने के लिए आरएएफ कर्मियों सहित सुरक्षा बलों को कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इम्फाल पूर्व और इम्फाल पश्चिम जिले के अधिकारियों ने नगर पालिका, बिजली, स्वास्थ्य, पीएचईडी, मीडियाकर्मियों और हवाई अड्डे जाने वाले यात्रियों और अधिकारियों को कर्फ्यू के दायरे से छूट दी है।

वैवाहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर अक्टूबर में होगी सुनवाई

नई दिल्ली

देश में लगातार वैवाहिक दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे कई मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। इसी बीच, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह वैवाहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर याचिकाओं को अक्टूबर के मध्य में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। याचिका में कानूनी सवाल उठाया गया है कि क्या पति अपनी पत्नी के मर्जी के बिना यदि संबंध बनाता है, तो उसे दुष्कर्म के श्रेणी में रखा जाना चाहिए या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील करुणा नंदी की दलीलों

पर ध्यान दिया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जरूरत है। पीठ ने कहा, "हम संविधान पीठ की सुनवाई के बीच में हैं। संविधान पीठ के मामले समाप्त होने के बाद हम इसे सूचीबद्ध कर सकते हैं।" साथ ही पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य वकीलों से पूछा कि उन्हें अपनी दलीलें आगे बढ़ाने में कितना समय लगेगा।

अक्टूबर मध्य में होगी सुनवाईः) सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, "मुझे दो दिन लगेंगे, क्योंकि मुद्दे के सामाजिक प्रभाव हैं।" याचिकाकर्ताओं के एक वकील ने कहा कि वे तीन दिनों तक बहस करना चाहेंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुटकी लेते हुए कहा, "तो फिर इसे अगले साल अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है।" हालांकि, बाद में पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि याचिकाएं अक्टूबर के मध्य में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेखः इससे पहले, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया था। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 (दुष्कर्म) के एक अपवाद खंड की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, क्योंकि इसमें कहा गया है।

चंद्रबाबू नायडू की रिमांड दो दिनों के लिए बढ़ा दी

विजयवाड़ा

विजयवाड़ा में कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की रिमांड दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि चंद्रबाबू नायडू को कथित 350 करोड़ रुपये के राज्य कौशल विकास निगम घोटाले को लेकर की गई थी। जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगे हैं कि उनके शासन के दौरान यानी साल 2014 से लेकर 2019 के बीच आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम में घोटाले हुए हैं। कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये के इस घोटाले

की पूछताछ के लिए उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जिसके बाद अब एक बार फिर से उनकी न्यायिक हिरासत को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। इन धाराओं के तहत हुई थी गिरफ्तारीः चंद्रबाबू नायडू को आईपीसी की प्रासंगिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है, जिसमें धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना) और 465 (जालसाजी) शामिल हैं।

सनातन धर्मः उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस जारी

नई दिल्ली/चेन्नई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सनातन धर्म पर विवादित बयान देने को लेकर तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन को नोटिस जारी किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है। सनातन धर्म के विरोध में उदयनिधि और ए राजा के बयान के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। अदालत का कहना है कि वह इस मामले को हेट स्पीच पर लंबित दूसरी याचिकाओं के साथ सुनेगी। जस्टिस जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बी जगन्नाथ की तरफ से दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। इन लोगों को भी शीर्ष अदालत ने जारी किया नोटिस

शीर्ष अदालत ने उदयनिधि स्टालिन के साथ-साथ डीएमके सांसद ए राजा, सांसद थिरुमावलवन, सांसद सु वेंकटेशन, तमिलनाडु के डीजीपी, ग्रेटर चेन्नई पुलिस कमिश्नर, केंद्रीय गृह मंत्रालय, हिंदू धार्मिक

और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री पीके शेखर बाबू, तमिलनाडु राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पीटर अल्फोंस और अन्य को भी नोटिस जारी किया है। चेन्नई के एक वकील ने याचिका दायर कर मांग की है कि तमिलनाडु में सनातन धर्म के खिलाफ हो रहे कार्यक्रमों को असंवैधानिक करार दिया जाए।

उदयनिधि स्टालिन कौन हैं?: उदयनिधि स्टालिन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। वे तमिलनाडु के खेल और युवा कल्याण मंत्री भी हैं। उनकी पार्टी का नाम डीएमके है। दरअसल, उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। उन्होंने कहा था- कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। जिस तरह हम डेंगू-मलेरिया का केवल विरोध नहीं कर सकते, बल्कि उन्हें खत्म करना भी जरूरी होता है। उसी तरह सनातन धर्म का केवल विरोध ही नहीं करना चाहिए,

सीएम शिवराज ने 2 हजार कक्ष के महाकालेश्वर मन्दिर भक्त निवास का भूमिपूजन किया

उज्जैन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अदभुत, पावन और आध्यात्मिक नगरी है उज्जयिनी। यहां आकर अदभुत अनुभूति का अनुभव होता है। यह साधना का अदभुत केन्द्र है। हमारा उज्जैन तीन लोकों से प्यारा और वैभव से सम्पन्न होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को उज्जैन में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का शुभारम्भ किया। साथ ही प्रदेशभर में एमएसएमई अन्तर्गत 2015 इकाईयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 2 हजार कक्ष के महाकालेश्वर मन्दिर भक्त निवास का भूमिपूजन किया। भक्त निवास की लागत 500 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये 17 करोड़ रुपये से बनने वाले फेसिलिटी सेन्टर का भी भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री

ने इस अवसर पर 31.49 करोड़ रुपये से बने संभागीय आईटीआई भवन तथा 4 करोड़ रुपये से निर्मित महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के कार्यालय भवन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने 11.09 करोड़ रुपये से निर्मित मेघदूत पार्किंग का भी लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री चौहान ने 600 करोड़ रुपये की राशि से प्रदेशभर में शीघ्र ही बनाये जाने वाले 17 एमएसएमई क्लस्टर का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के जीवन में सुख और समृद्धि लाना उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है। जब 15 दिन पहले पानी के अभाव में फसलें सूख रही थी, खेतों में दरारें पड़ रही थी, तब बाबा महाकालेश्वर की कृपा से प्रदेश में भरपूर वर्षा हुई। यदि बाबा की कृपा नहीं होती तो समूचे प्रदेश में हाहाकार मच जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रम आगे भी चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं शीघ्र ही उज्जैन में मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन एवं महाकाल मन्दिर में निर्मित अन्नक्षेत्र के लोकार्पण कार्यक्रम में आऊंगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि शासन के पास पैसों की कमी नहीं है, इसलिये हम जनता के हित में अनेक प्रकार की सुविधाएं विकसित कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की धरती पर लघु एवं कुटीर उद्योग आ रहे हैं, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 552 औद्योगिक इकाईयों की स्थापना होगी।

कोरांव के युवक की गैर जनपद पुलिस से मुठभेड़ में हुई मौत

परिजनों ने कहा जबतक गोली मारने वाले एसओजी पुलिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं होगा तब तक लाश नहीं फूंकी जाएगी

अखंड भारत संदेश

मृतक विजय सोनी अस्पताल में घायल अवस्था में एवं मृतक का पिता नारायण सोनी

कोरांव। थाना कोरांव क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी विजय सोनी(उम्र 20 वर्ष) पुत्र नारायण सोनी को गैर जनपद की पुलिस ने कुछ दिन पूर्व किसी मामले में उठाया था और पता चला है कि पुलिस की गोली से घायल हो गया था जिसकी शनिवार को मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में रोष एवं हड़कंप मच गया।

ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार विजय सोनी अपराधी किस्म का था जो गैर जनपद किसी घटना को अपने साथियों के साथ अंजाम दिया था जिससे कथित रूप से भागते समय पुलिस की गोली से हाथ और पैर में चोटें आई थी किंतु मृतक के पिता नारायण सोनी एवं उनके दूसरे पुत्र अजय सोनी एवं बहन ज्योति ने बताया कि थाना अतरैला के चंदयी गांव से निवर्तमान मकान से 10 सितंबर को कौशांबी की पुलिस जबरन घर मे घुसकर के उठा ले गयी थी जिसकी तत्काल सूचना सीएम हेल्पलाईन एवं सक्षम अधिकारियों को उचित माध्यम से दे दी गयी थी, मृतक के परिजनों ने बताया कि उक्त पुलिस टीम ने वाहवाही के लिए घर से खींचकर ले गयी और उसे जंगल मे दौड़ाकर हाथ पैर में गोली मार दी उसके बाद शारीरिक यातनाएं दी जिससे पुलिस ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसकी रहस्यमय ढंग से मौत हो गयी जबकि उसके भाई ने बीते दिनों अस्पताल में जीवित बातचीत करते हुए बीडीओ बनाया है जिसमे विजय खाना खाते बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। एसीपी मेजा एवं थानाध्यक्ष कोरांव के साथ मृतक का शव एम्बुलेंस से जैसे ही उसके घर हनुमानगंज लाया गया परिजनों परिवारजन एवं गांव में कोहराम मच गया। और पुलिस अधिकरियों कहने सुनने पर घर वाले लाश फूंकने को तैयार नहीं हुए और कहा की जबतक उक्त गोली मारने वाले एसओजी पुलिस पर मुकदमा हत्या का दर्ज नहीं किया जाता तबतक लाश नहीं फूंकी जाएगी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक गांव के प्रधान सद्दाम सहित अगल बगल के प्रधानों आदि ने परिजनों को समझाया बुझाया परन्तु परिजन शव फूंकने को तैयार न हुए, मृतक के गांव में भारी संख्या में फोर्स मौजूद रही।

बर्खास्त शिक्षामित्र को बहाल करने का आदेश न मानने पर बीएसए मेरठ और बीईओ को अवमानना नोटिस जारी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षामित्र की बर्खास्तगी मामले में मेरठ की बीएसए आशा चौधरी और नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र पाल सिंह के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णपुरी में कार्यरत शिक्षामित्र निमिषा तिवारी की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर अधिवक्ता सुनील चौधरी को सुन कर पारित किया है।याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि शिक्षामित्र 15 वर्षों से उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्ण पुरी में कार्यरत थी। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव व प्रधानाध्यापक मधुसूदन कौशिक द्वारा विद्यालय में कक्षा सात के एक बच्चे को कमरे में बंद कर-के पीटा गया था। जिसका विरोध करने पर प्रबंध समिति ने 31 दिसंबर को उसकी सेवा समाप्त करने का आदेश पारित किया था। सेवा समाप्ति के आदेश को याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए सेवा समाप्ति के आदेश पर रोक लगा दिया था। इसके बावजूद उसे अभी तक सेवा में बहाल नहीं किया गया। स्थगन आदेश का अनुपालन न किए जाने पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मेरठ की बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी और नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र पाल सिंह के विरूद्ध अवमानना नोटिस जारी कर की है। मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 नवंबर नियत की गई है।

न्यूज झरोखा

भाजपा के नए जिलाध्यक्ष के चयन से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का हुवा संचार : प्रेम शंकर सिंह

सिरसा। शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व गिरिराज चौरी टेबल के अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह भाजपा यमुनापार के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति से उनके आवास पर मुलाकात कर मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी। और खुशी का इजहार किया। भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पार्टी का यह निर्णय बहुत अहम है निश्चित ही संगठन पूरे जिले में और मजबूत होगा इनके नेतृत्व में कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। भाजपा नेता ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को बधाई देते हुए आशा प्रकट किया कि उनकी अगुवाई में भाजपा और मजबूती से काम करेगी आगामी। लोकसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करेगी। नए जिला अध्यक्ष के चयन से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है इस निर्णय के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति प्रेम शंकर सिंह ने आभार प्रकट किया।

जंघई कॉलोनी में पैथोलॉजी सेंटर का शुभारंभ

जंघई। नागरिक पीजी कॉलेज जंघई गेट के सामने संदेश मिश्रा द्वारा ब्लड टेस्ट हेतु डॉ लैब पैथोलॉजी सेंटर खोला गया है। लैब पैथ में आधुनिक मशीनों द्वारा सभी ब्लड जांच उचित मूल्य पर किया जाएगा। संदेश मिश्रा ने बताया कि जंघई क्षेत्र में डॉ लैब पैथ पहली बार खुला है क्षेत्र के लोग अपना ब्लड टेस्ट हमारे सेंटर पर आकर करवा सकते हैं हर जांच हमारे पैथोलॉजी में योग्य पैथालोजिस्ट द्वारा किया जाता है। उद्घाटन कार्यक्रम में पंडित उमेश शुक्ला, सूबेदार मिश्र, सूर्य प्रकाश शुक्ला, सुरेश तिवारी, कलेक्टर शुक्ला, भोलेनाथ यादव, डब्लू मिश्रा, रोहित तिवारी, संदीप मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डॉ अमर बहादुर सिंह यादव सपा के विशेष आमंत्रित सदस्य बने

करछना। सपा नेता डॉ अमर बहादुर सिंह यादव को राज्य कार्यकारिणी उत्तर प्रदेश में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया जो मुलायम सिंह यादव यूथ के अध्यक्ष रहे और जिला कोषाध्यक्ष प्रयागराज लंबे समय तक रहकर पार्टी को मजबूत किया सरकार में कृषि तकनीकी प्रबंधन उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष रहे पार्टी के प्रत्येक आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उत्तर प्रदेश के साथ कई प्रदेशों में साइकिल चलाकर राष्ट्रीय स्तर पर नवयुवकों को जागरुक करते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया।

आशा वर्करों ने सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

फूलपुर। उत्तर प्रदेश की सरकार की कथनी व करनी में अंतर है। क्योंकि चुनाव के समय किया गया वादा आज भी नहीं पूरा हो सका है। यह बातें उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष आशा देवी ने शुक्रवार को उपस्थित आशा वर्करों के बीच कही। एक्टू जिला सचिव देवानंद ने कहा की 2015 में हुए 46वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार आशा कर्मियों को स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा देते हुए न्यूनतम वेतन के दायरे में लाकर न्यूनतम 21000 रू का मासिक भुगतान , मातृत्व अवकाश, सामाजिक सुरक्षा,ग्रेड्यूटी,पेंशन,पी एफ सहित ईएसआई की गारंटी करनी चाहिए। मंडल उपाध्यक्ष रेखा कुशवाहा ने कहा कि हमारा संगठन लम्बे समय से अपनी मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहा है। आगामी 25 सितम्बर को पूरे प्रदेश की आशा कर्मी राजधानी का रुख करेंगी।

भ्रष्टाचार कमीशन खोरी के खिलाफ अ.भा. प्रधान संघ लामबंद, प्रधान संघ ने बैठक कर अधिकारियों को दी चेतावनी

करछना। विकास खंड में प्रधानो की समस्या को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संघ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी के साथ एस डीएम करछना राजेश श्रीवास्तव के साथ प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एवम् प्रधान संघ महामंत्री धीतेश तिवारी के साथ बैठक संपन्न हुई इस मौके पर ग्राम प्रधान द्वारा कार्य योजना में कमीशन खोरी व नये कार्यो की स्वीकृति न मिलने को लेकर प्रधान संघ ने कहा की अगर विकास खंड कार्यालय द्वारा सुधार नहीं किया गया तो अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांग रखेगे इस मौके पर करछना प्रधान संघ की अध्यक्ष अवतार किशन सिंह दादू , महामंत्री धीतेश तिवारी, चाका ब्लाक की प्रधान संघ अध्यक्ष नीलम पथिक,राज कुमार पटेल, रमेश मिश्र, शैलेन्द्र शर्मा , नगेन्द्र शर्मा , विजय शुक्ला , अमरनाथ त्रिवेदी , दिनेश श्रीवास्तव, राजकुमार पटेल बृजेश मौर्या गुलाम रसूल दीप नारायण पटेल हंसराज पटेल परमानन्द मौर्य, रिसू गौतम, शेष बहादूर, सुनील प्रजापति, मिथलेश कुमार, अशोक पटेल लालबाबू पटेल अमित मिश्रा , स्याम नन्दन के साथ बड़ी संख्या में प्रधान मौजूद रहे।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ मजदूर की मौत

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के यासीनपुर गांव में शुक्रवार को स्टार्टर बनाने की दरमियांन एक मजदूर करंट की चपेट में आ गया। जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।यासिनपुर थाना उतराव निवासी रतन सिंह पटेल उम्र 48 वर्ष जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शुक्रवार सुबह वह पास के गुरु सरण यादव के नलकूप का स्टार्टर बनाने के लिए गया था। जब वह बना रहा था तब बिजली नहीं थी अचानक बिजली आ जाने से वह चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक रतन सिंह पटेल के दो बेटियां बंदना अनामिका व दो बेटे पवन अश्वनी हैं। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था।मृतक रतन सिंह पटेल की मौत से पत्नी पार्वती देवी बेटा व बेटी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

सामूहिक दुराचार मामले में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

नैनी। नैनी कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यशपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस द्वारा थाना नैनी में पंजीकृत मु0अ0सं0 498/23 धारा 376डी 363/354ख/323/504/506 भा0द0सं0 व 5/6 पॉस्को एक्ट में वांछित 02 अभियुक्त 1. तौसिफ अली पुत्र जाहिद अली निवासी अरैल करबला थाना नैनी प्रयागराज 2. मो0 अमन पुत्र मो0 गुड्डू निवासी अरैल करबला थाना नैनी को थाना नैनी पुलिस द्वारा शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर चकभटाही थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक साजिद अली खान उ0नि0 अमित कुमार सिंह। का0 जगदीश कुमार का0 इन्द्रजीत सिंह थाना नैनी रहे।

शिक्षा चौपाल में बच्चों ने दिए सुंदर प्रस्तुति

सहसों। विकास खण्ड बहरिया के कंपोजिट विद्यालय मथुरा उर्फ पारनडीह में शुक्रवार को शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सुन्दर प्रस्तुति भी किए गए एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को देखकर अभिभावक काफी खुश नजर आए। माताओं को लगा कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन कराना अब सार्थक हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ बहरिया धर्मेन्द्र कुमार मौर्य ने निपुण छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालयों में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करा दिया गया है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक कॉन्वेंट स्कूलों से अधिक मेहनत करके अच्छा परिणाम दे रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा श्रीवास्तव ने सभी लोगों का स्वागत करते हुए आए हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर ब्लाक प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दीप नारायण यादव, एआरपी आदर्श चतुवेर्दी, एआरपी रामचंद्र यादव, रवि दूबे, अशेषा नंद, दुर्गावती मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, सरिता कमल, स्वर्णिमा सिंह, सीमा मिश्रा, सत्या सिंह, कविता तोमर, गायत्री मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

करछना के बरदहा में राष्ट्रीय पोषण माह दिवस मनाया गया

करछना। अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष अन्न आधारित व्यंजन प्रतियोगिता में महिलाओ को किया गया सम्मानित किया गया करछना तहसील क्षेत्र के बरदहा गांव में कृषि ज्योति, उत्तम ग्राम पहल परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह दिवस मनाया गया तथा पोषक वाटिका को लेकर के महिलाओं से चर्चा की गई कृषि विज्ञान केन्द्र नैनी प्रयागराज वैज्ञानिक निमिषा नटराजन द्वारा महिलाओं को 12 महीने की सब्जियो को कैसे लगाया जाए तथा उसमें कौन सा पोषण तत्व मिलता है शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सन्तुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस मौके पर डॉ आर पी सिंह , डॉ एस पी सिंह, के साथ सहगल फाउंडेशन व मोजेक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि लालबहादुर द्विवेदी, दीपेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, रचना तिवारी के साथ महिला किसान मौजूद रहे।

फुटपाथ दुकानदारों के सन्दर्भ में चलाया गया जागरूक कार्यक्रम

नैनी। नैनी के सरगम पीडीए मार्केट निकट सब्जी मण्डी परिसर में असंगठित क्षेत्र के फुटपाथ दुकानदार, स्ट्रीट वेंडर एवं लघु व्यवसायी संगठन के पदाधिकारी और अवध हॉकर स्ट्रीट वेंडर यूनियन सम्बन्ध नेशनल हॉकर फैडरेशन एवं सहयोगी संचालित सामाजिक संस्था असंगठित कामगार कल्याण संघ के समुदाय संयोजक कार्यकर्ता, राजकुमार केसरवानी, विपन केसरवानी,सोनू पुष्पाकर, सन्तोष गुप्ता और पथ विक्रेता संगठन के वर्कर कलेक्टिव के लीडर योगेश मिश्र, अशोक शुक्ल द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम संचालक यशवंत दूबे द्वारा मंच पर पदाधिकारी गण लोगों का स्वागत किया गया। सरकारी योजनाओं, प्रधान मंत्री स्व निधि योजना , राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और फूड लाइसेंस सर्टिफिकेट, एल ओ आर सर्टिफिकेट, एफ एस एस ए आई सर्टिफिकेट, पुनः सर्वे सत्यापन और लोगों को जागरूक करते हुए प्रधानमंत्री स्व निधि,वेंडिंग सर्टिफिकेट , नॉन वेंडिंग जोन और वेंडिंग जोन के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए मार्केट सर्वे सत्यापन करके फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित करने की पहल नगर पालिका परिषद अधिकारी के समक्ष सूची तैयार की जाती है ।

बच्चों के भविष्य को संवारने वाले शिक्षामित्र का ही भविष्य अंधकारमय : सुनील तिवारी

अखंड भारत संदेश

स्थाईकरण को लेकर सरकार पर लगाया उदासीनता का आरोप

फूलपुर। अल्प मानदेय में भी अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करने वाला शिक्षामित्र आज सरकार की संवेदनहीनता के चलते भुखमरी की कगार पर है। कमरतोड़ महंगाई में सरकार शिक्षामित्रों को दस हजार रुपए मानदेय देकर उनके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बातें शुक्रवार को फूलपुर बीआरसी में प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ इकाई फूलपुर की बैठक में उपस्थित शिक्षामित्रों को संबोधित करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कही। स्थाईकरण की मांग करते हुए उन्होंने कहा की अगर सरकार शिक्षामित्रों की मांगों पर अतिशीघ्र विचार नहीं करती है तो आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ की धरती पर शिक्षामित्रों का ब्यापक आंदोलन होगा।बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के ब्लाक अध्यक्ष नागेन्द्र मोहन मिश्रा ने कहा की विद्यालय में बच्चों का भविष्य सुधारने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले शिक्षामित्रों के बच्चों का ही भविष्य सरकार की उदासीनता व तानाशाही के चलते अंधकारमय होने की कगार पर है।

बैठक का कुशल संचालन संगठन के मंत्री राजकुमार यादव ने किया। बैठक में राम सिंह, जीतलाल, श्याम जी, संतोष द्विवेदी, मो समीम, संगम पटेल, मानिक चंद्र, राकेश कुमार, राम अवध, रेखा मिश्रा, आरती यादव, शशिप्रभा, सुनीता भारतीय, सावित्री मौर्या, हीरामणि, चन्द्र कांति, राम नरेश सहित अन्य शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

शिक्षामित्रों ने भरी हुंकार, लखनऊ में करेंगे प्रदर्शन

जसरा। विकास खण्ड जसरा के शिक्षामित्रों ने आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में अधिकार दिलाओ रैली हेतु बीआरसी जसरा में बैठक कर रणनीति बनाई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक प्रभात चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सभी को अपना खोया हुआ सम्मान पाने के लिए लखनऊ हेतु करो या मरो की तैयारी से चलें। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा कि शिक्षामित्रों का इतिहास ही संघर्ष करने का रहा है। नियमतिकरण एवम समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर आयोजित आंदोलन में सभी साथी अपनी सहभागिता करें। दशरथ लाल भारती ने बताया कि चुनावी वर्ष में सरकार को हमारी एकजुटता की ताकत का अहसास कराना होगा। बैठक में मुख्य रूप से उषा देवी, मेनका सिंह, अनामिका पाण्डेय, रीता शुक्ला, प्रमिला बिंद, शशि प्रभा, संतोष कुमारी, रंजीता कुमारी, रागिनी राय, परमीन बानो, लीलावती सिंह, गीता अग्रहरि, बीनू, कनीज फातिमा, आशा देवी, शोभनाथ कुशवाहा, देवेंद्र सिंह, भारत सिंह, अजय प्रताप, महेंद्र कौशिक, विजय प्रकाश, विजय यादव, राममूरत, बलवंत कुमार, राजेश कुमार, कमलाकर सिंह, कमल सिंह, रमाशंकर, पूरन कोल, सत्यप्रकाश, विजय रावत, कैमोद कुमार, राजेश पटेल, जितेंद्र पाण्डेय, राकेश सिंह, प्रीति केसरवानी, सुनीता यादव, यादवेंद्र सिंह सहित दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे। सफल संचालन सुमन्त भार्गव ने किया।

जीजीआईसी मुगारी में मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता आज

करछना। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज मुंगारी करछना में शनिवार 23 सेप्टेंबर को मण्डल स्तरीय भोरोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन होगा,कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक पी० एन० सिंह करेंगे,यह जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह ने दी।गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुगारी करछना में मंडल स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 40 खिलाड़ियों का प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए चयन किया गया। जिसमे जूनियर स्तर पर एकता सिंह, सानिया, काजल भारतीय, आरती, हनी, मानशी यादव, खुशी केसरवानी, स्वेक्षा का जबकि सीनियर बालिका में संजना, खुसबू गुप्ता, स्वेक्षा त्रिपाठी, लवली, रोशनी पटेल, गार्गी मिश्रा का चयन हुआ जबकि बालक वर्ग में रजनीश पटेल, प्रभाशंकर, गौरव, स्वतंत्र धनंजय, मो० नावेद, अम्बुज, प्रियांशु, विशाल भारतीय, पवन कुमार, सुजल, सुयश, नितेश यादव का जूनियर वर्ग में जबकि सीनियर वर्ग में मंजीत कुमार, अखिलेश, अमन सिंह, सतीश चंद्र, राज, निखिल पाण्डेय, आदर्श सिंह, गोविंद, रविन्द्र भारतीय सिद्धार्थ द्विवेदी, मो० तालिब, अहमद अली, अमन शर्मा का चयन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मदन मोहन मालवीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह, डॉ संतोष सिंह, सूर्यकांत त्रिपाठी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर पर 100 से अधिक छात्रों का ट्रायल किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के खेलकूद प्रभारी बुलंद प्रताप राय, राजेन्द्र पाण्डेय सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिलाओं के प्रति स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

सिरसा। मेजा क्षेत्र में शुक्रवार को मेजारोड में जय जननी कल्याण समिति के तत्वावधान में महिलाओं के स्वास्थ्य व जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के नजरिए से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माहवारी स्वच्छता को लेकर समूह सखी, आशा, एएनएम को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर योगेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में रहे धीरज सिंह ने मौजूद लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत रूप से स्वच्छ रहने के लिए साफ, सूती कपड़े या सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल तथा नैपकिन के उपयोग के बाद उसका विसर्जन कैसे करें उसके बारे में विस्तार से बताया गया। व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नैपकिन या साफ कपड़े के इस्तेमाल से संक्रमण से बचा जा सकता है। धीरज सिंह ने आगे कहा कि भारत में महिलाओं की समस्याओं को लेकर अभी भी खुलकर बात नहीं होती है। प्राचीन समय से ही समाज का ताना-बाना ऐसा बनाया गया है जिसमें महिलाओं को पुरुषों के ऊपर निर्भर कर दिया गया, परिणामस्वरूप उनकी समस्याओं को भी पुरुष के नजरिये से देखा जाता है। यही कारण है कि मासिक धर्म जैसे मुद्दों पर समाज में खुलकर कोई भी चर्चा नहीं होती है। वही बदलते दौर में अब महिलाएं खुलकर अपनी बात रखती है। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने आए हुए लोगों का आभार प्रकट किया। इस दौरान विनोद पांडे, मदन सिंह, निशांत, अनुज, विभा, सतीश सिंह, राजू मिश्र सहित आज लोग उपस्थित रहे।

दो दिवसीय बोलन का मेला कल से, झूलों ने डाला डेरा, सजनें लगी दुकानें

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा खास के बोलन धाम में लगने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारी जोरों पर है। मेला मैदान में झूलों ने डेरा डाल दिया है। मेले में आसपास क्षेत्र और दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर शिव को जलाभिषेक कर मन्नतें मांगेंगे।आयोजक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार यादव और निर्देशक तौलन प्रसाद पटेल,सह निर्देशक सुधीर गुप्ता ने बताया कि हर साल हरतालिका तीज के बाद पड़ने वाले रविवार और सोमवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन रविवा को सुबह से सोमवार की शाम तक किया जाएगा। ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि वर्षों से मेला लगता आ रहा है। मेले के बारे में किंवदंती है कि महाभारत काल में जब पांडव लक्षागृह से निकल कर इसी रास्ते से जा रहे थे तो हिडिंबा नमक राक्षसी ने भीम को देखकर मंत्रमुग्ध हो गई थी,लेकिन उसका भाई हिडिंबा को नागवार लगा और भीम को युद्ध करने की चुनौती दे दी।भीम ने सभी भाइयों से आगे जाने को कहा और स्वयं उससे भीड़ गए।कई महीने मल्ल युद्ध चलता रहा।चारों भाइयों ने सोचा कि भीम मारा गया तो उसके तर्पण करने के लिए इसी जगह पर अर्जुन ने बाण मारकर पाताल से पानी निकाला था,जो आज भी बाण गंगा के नाम से कुंड है।अकाल पड़ने पर भी कभी सूखता नहीं है।कुछ समय बाद जब भीम हिडिंबा के साथ समय व्यतीत करने के बाद आए तो इसी जगह शिव मंदिर की स्थापना की। रामलीला संरक्षक लालजी मिश्र,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा जंगीलाल गुप्ता बताते हैं कि मेले में दूरदराज से हजारों की संख्या में ग्रामीण अपने परिवार के साथ पहुंचकर मेले का आनंद लेते हैं व जमकर खरीदी-बिक्री करते हैं। मनोरंजन के साथ ही सौंदर्य प्रसाधन, विशेषकर गरमा-गरम गुड़ की जलेबी, सर्दी का राजा केले की बिक्री सबसे ज्यादा होती है। बच्चों व महिलाओं के लिए मनोरंजन के छोटे-बड़े झूलों ने डेरा डाल दिया है।उन्होंने बताया कि दूसरे दिन स्थानीय लोग अपने परिवार के साथ आकर मेले का आनंद लेते हैं। दो दिवसीय मेले में लोग सुबह पहुंचकर बाबा बोलन नाथ को जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। बताया जाता है कि मन की मुराद पूरी होने पर लोग यहां रुद्राभिषेक करने आते हैं। मेला प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर जहां स्वयं सेवी संगठन जिला अपराध निरोधक के सदस्य,कमेटी के स्वयं सेवी और भारी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे। वहीं दुकानदारों को बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। भूले भटकों को परिजनों से मिलने के लिए एक काउंटर की व्यवस्था की गई है।

ग्राम चौपाल में प्रस्तुत शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण किया जाए : धीरेंद्र कुमार यादव

कोरांव। ग्राम पंचायतो में आयोजित होने वाली ग्राम चौपालों में आने वाली शिकायतों का गंभीरता से संबंधित सचिव निस्तारण करें। उक्त हिदायतें सी यादव बीडीओ ने चौपाल में अधिनस्थों से कही। बीडीओ कोरांव ने आवास, शौचालय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए पात्र लाभार्थियों को महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने को आदेश दिए। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने गांवों में आयोजित होने वाली चौपाल को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को ध्यान देने को कहा। गुरुवार को विकासखंड कोरांव के तराव व अरुआरी गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। तराव गांव में। ग्राम पंचायत अधिकारी शशिलेंद्र सिंह की मौजूदगी में कुल तीन शिकायतकताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई गईं। ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इसी प्रकार अरुआरी गांव में दो शिकायतें प्राप्त हुई जिन्हें भी उपस्थित अधिकारियों ने निस्तारित कर दिया गया। खंड विकास अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया है कि ग्राम चौपाल में आने वाली ग्रामीणों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे कोई लाभार्थी योजना से वंचित न होने पाएं। ग्राम चौपाल में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शॉर्ट सर्किट से मारुति कार के यार्ड में लगी आग कई गाड़ियां जली

दो करोड़ का हुआ नुकशान गाड़ियों का था बीमा

अखंड भारत संदेश

झूंसी। थाना क्षेत्र के कटका स्थित मारुति कार गोदाम में शार्ट सर्किट से शुक्रवार की सुबह आग लग गई देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया और कई गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और दमकल कर्मियों के साथ स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आप पर काबू पाया। अंदावा जौनपुर मार्ग पर स्थित सपा नेता सचिन यादव का ब्राइट फोर के नाम से मारुति का शोरूम है उन्होंने कटक स्थित पप्पू यादव के प्लाट पर अपना गोदाम बना रखा है जहां दर्जनों नई गाड़ियां खड़ी थी। गोदाम के ऊपर से गुजरा हाईटेंशन का तार टूट कर नीचे खड़ी कार पर गिर गया और कार में आग लग गई। वहां मौजूद कर्मचारी जब तक कुछ कर पाते तब तक आग भड़क गई और आसपास खड़ी कई गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। तार की वजह से कोई नजदीक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। आग की वजह से कार में लगे सिलेंडर भी ब्लास्ट होने लगे सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची तार को हटाकर स्थानीय पुलिस वा लोगों के साथ दमकल कर्मी आग बुझाने में लग गए। कर शोरूम के कर्मचारी कुछ गाड़ियों को स्टार्ट कर हटाया तो कुछ गाड़ियों को ग्रामीणों की मदद से उठाकर आज से दूर किया गया। मौके पर दमकल की चार और गाड़ियां आ गई तब जाकर किसी तरह आग पर पूरी तरह काबू पाया गया।

हिस्ट्रीशीटर गणेश यादव ने मांगी रंगदारी रिपोर्ट दर्ज

झूंसी। हिस्ट्रीशीटर सपा नेता गणेश यादव के खिलाफ झूंसी पुलिस ने शुक्रवार को रंगदारी व धमकी का मामला दर्ज कर आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। गणेश यादव के खिलाफ झूंसी व सरायइनायत थाने में कई मुकदमे दर्ज है। झूंसी के हवेलिया निवासी केश कुमार तिवारी हाई कोर्ट में अधिवक्ता है। उन्होंने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि गणेश यादव ने हवेलिया में स्थित उसकी 80 वर्ग गज जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है और उससे 20 लाख रुपए की रंगदारी भी मांग रहा है। उसने दो लाख रुपये दिया भी है पर उसे लगातार धमकी मिल रही है। पीड़ित केश कुमार तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने सपा नेता हिस्ट्रीशीटर गणेश यादव के खिलाफ रंगदारी, धमकी का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि गणेश यादव पर झूंसी व सरायइनायत थाने में कई मुकदमे दर्ज है 2 साल पहले प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गणेश यादव के मकान व जीटी रोड किनारे स्थित तीन मंजिला मार्केट पर बुलडोजर चला चुकी है।

डायट में 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तैयारी के लिए आयोजित हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप जी की अगुवाई में 31 वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तैयारी व प्रोजेक्ट कार्य के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं उनकी जिज्ञासा को बनाए रखने की बात की गई। कार्यशाला का उद्घाटन डायट राजेंद्र प्रताप के कमल द्वारा हुआ। जबकि इस कार्यशाला में वरिष्ठ प्रवक्ता शिवनारायण सिंह डॉक्टर अंबालिका मिश्रा, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रयागराज जिला समन्वयक मोहम्मद मसूद, प्रतापगढ़ समन्वयक श्याम प्रकाश मौर्य, डायरेक्टर एसके सिंह के साथ-साथ सभी विकास खंडो के विज्ञान एआरपी जिसमें प्रमुख रूप से सुनील शुक्ला, अनुराग पांडेय, प्रभाशंकर शर्मा, जैनुल आबदीन, शरद मिश्रा, राजीव प्रताप सिंह अंशु निगम एवं समस्त विकास खंड से एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।प्रोजेक्ट कार्य का क्रमबद्ध निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण से संबंधित व्यवस्थित जानकारी श्याम प्रकाश मौर्य द्वारा उपलब्ध कराई गई। एवं प्रत्येक विकास खंड से कम से कम कर प्रोजेक्ट चयनित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए निर्देशित किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता शिवनारायण सिंह ने अच्छे समाजोपयोगी प्रोजेक्ट बनाने के लिए सभी एआरपी व अध्यापकों को प्रेरित किया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना' रहा।

बुजुर्ग महिला सीता का मिशन गणपति को ही अपनी जिंदगी का मिशन बना लिया

प्रयागराज। जिंदगी के 85 वर्ष के पड़ाव पार कर चुकी एक बुजुर्ग महिला ने गणपति को ही अपनी जिंदगी का मिशन बना लिया है। बुजुर्ग महिला सीता घर के पड़े बेकार सामान और सब्जियों के छिलके से गणपति के खूबसूरत पोस्टर बनाती है। दस हजार से अधिक गणपति के पोस्टर तैयार कर चुकी बुजुर्ग महिला सीता अपने इन पोस्टर्स को शहर के गणपति पूजा पंडालों को समर्पित कर देती है। पचासी बरस की उम्र के जिस पड़ाव में लोग बिस्तर पकड़ लेते हैं उसी उम्र प्रयागराज की बुजुर्ग महिला सीता रोज आठ से दस घंटे प्रभु का काज करती है। सीता देवी का प्रभु का काज भी कुछ अलग है। सीता घर के बेकार सामान, ड्राई फ्रूट्स के छिलकों और सब्जी के रंग से गणपति के खूबसूरत पोस्टर्स तैयार करती है। गणपति की भक्त कहते हैं बढ़ती उम्र के साथ जीवन और जीने की ललक कम हो जाती है। लेकिन प्रयागराज की इस 85 साल की एक बुजुर्ग महिला के साथ ऐसा नही है। कई बरस पहले अपने जीवनसाथी को खो चुकी सीता ने अपनी खाली जिंदगी को प्रभु के काम में लगाने का जुगाड़ ढूंढ लिया है। सीता ने घर के पड़े बेकार सामान के साथ जुगाड को जोड़ा और शुरू कर दिया से भगवान गणेश के पोस्टर बनाना। अब तक यह बुजुर्ग महिला 10 हजार से अधिक गणेश जी की अलग अलग मुद्राओं के पोस्टर बना चुकी है। उसके ये पोस्टर शहर के गणपति पंडाल में अपनी जगह बना चुके हैं। सीता गणपति के पूजा पंडाल के अलावा मोहल्ले और आसपास होने वाली लड़कियों की शादी में भी अपना गणपति बप्पा का यह तोहफा जरूर वधू पक्ष को भेंट करती हैं। अड़ोस पड़ोस के लोग भी सीता की इस गणपति भक्ति के कायल हैं। सीता गणपति के पूजा पंडालों में इको फ्रेंडली कल्चर को प्रमोट कर रही हैं। उनकी अपील से प्रयागराज में गणपति की इकोफ्रेंडली मूर्तियों की स्थापना की तरफ भी लोगो का ध्यान गया है। और अब लोग रसायन मुक्त रंगो से तैयार गणपति की मूर्तियां अपने पंडाल में स्थापित कर रहे हैं।

ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राज्यमंत्री

अखंड भारत संदेश

राजकीय औद्योगिक संस्थान नैनी में आयोजित आयुष्मान भव पखवाड़ा

विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर बनाया जा रहा आत्मनिर्भर : राज्यमंत्री

नैनी। नैनी में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उ0प्र0 कपिल देव अग्रवाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर, 2023 से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 02 अक्टूबर, 2023 के बीच चल रहे आयुष्मान भव पखवाड़े के क्रम में राजकीय औद्योगिक संस्थान नैनी में स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि तकनीक शिक्षा हमारे देश की रीढ़ है। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में रोजगार परक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हुए देश व प्रदेश को तरक्की की राह पर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ब्लड डोनेट करने वाले प्रशिक्षार्थियों का उत्सावर्धन करते हुए उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। कहा कि ब्लड डोनेट करना सबसे बड़ा दान है। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने ब्लड डोनेट करने वाले प्रशिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया व उन्हें इस बड़े कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य आयुष्मान भव अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने गरीबों की समस्याओं को समझते हुए आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की है, जिससे आज गरीब को इलाज के लिए इधर-उधर न भटकना नहीं पड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के द्वारा कोरोना काल में किए गए कार्यों को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि आज भारत कोरोना से लड़कर दुबारा मजबूती से खड़ा है, इसके लिए प्रधानमंत्री जी सोच बधाई की पात्र है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार यादव ने कहां कि इस समय डेंगू के दौर में ब्लड डोनेशन अति आवश्यक है। नोडल प्रधानाचार्य एस के श्रीवास्तव ने कहा तकनीकी शिक्षा के साथ ब्लड डोनेशन में सबको पर बढ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव वरिष्ठ पार्षद दीपू जयसवाल, नैनी प्रयागराज के उप प्रधानाचार्य मोहम्मद आरिफ कुरैशी, विश्व बैंक कटरा के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, मांडा प्रधानाचार्य धीरेंद्र प्रताप सिंह, कटरा प्रधानाचार्य हिमांशु द्विवेदी, सुरक्षा प्रभारी मोहम्मद मुस्तफीज सिद्दीकी और विनोद कुशवाहा, ब्लड डोनेशन में लगे हुए सभी स्वास्थ्य कर्मी, मीडिया कर्मी, सुरक्षा में लगे हुए सुरक्षाकर्मी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज और कौशल विकास के सभी कर्मचारी और प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रंजना शुक्ला ने किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत किया गया जागरूक

प्रयागराज। जिला गंगा समिति और नगर निगम प्रयागराज के संयुक्त में शुक्रवार को नैनी स्थित ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्राम में प्रधानाचार्या भारत सिंह , जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह,नगर निगम से आए. सी. ई. हेड कृष्णा कुमार मौर्या, मौजूद रहे । कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी ने स्वच्छता के विषय पर सभी बच्चो से चर्चा की और कहा स्वच्छता हर मनुष्य के जीवन का एक बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण अंग है।अपने शरीर की स्वच्छता से लेकर अपने आसपास के वातावरण की स्वच्छता भी हमारी जिम्मेदारी है। तथा गंगा नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया । कृष्ण कुमार ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाया , इस दौरान नुक्कड़ नाटक विषय 'पीके की पाठशाला ' का मंचन हुआ।जिसमें एक कलाकार जो पीके बनकर मनोरंजन की चादर तले बड़े ही सहज व सरल तरीके से छात्राओं को इंडियन स्वच्छता लीग 2.0, स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी, कूड़े को अलग-अलग करना, अपने आसपास सफाई रखना इत्यादि के बारे में बताया।

महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने दाधिकान्दों मेला राजापुर व तेलियरगंज का किया निरीक्षण

प्रयागराज। शुक्रवार को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर प्रयागराज द्वारा दाधिकान्दों मेला राजापुर व तेलियरगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पार्षद अमित सिंह,भोला तिवारी,पंकज जायसवाल, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव,डा0 अभिषेक नगर स्वास्थ्य अधिकारी,अनिल कुमार मौर्या,नगर अभियन्ता,डमबर सिंह,सहायक अभियन्ता,राधेलाल अधिशाषी अभियन्ता,राधेश्ययाम अधिशाषी अभियन्ता, राजीव गॉधी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, डी0पी0 सिंह,रंजन श्रीवास्तव सफाई निरीक्षक,विनोद सिंह,आशीष यादव अवर अभियन्ता अंकित पाण्डेय सफाई निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।सर्वप्रथम राजापुर व तेलियरगंज में निरीक्षण के दौरान पाया गया दाधिकान्दों मेले के दृष्टिगत रसूलाबाद ठाकुर द्वार जहॉ से दल प्रारम्भ होता है तथा पातांजलि तिराहा से मेहदौरी शमिया माई मंदिर होते हुये अवतार टाकित तक सम्पूर्ण रोड में पैच वर्क हुआ पाया गया। गंगा बाल विघा मंदिर के मोड़ पर व मेला मार्ग के कतिपय स्थानों पर नाली की गोट टूटी पायी गयी। पी0डी0ए0 द्वारा स्थापित हाई मास्क खराब बताया गया जिसे तत्काल बनवाने हेतु आदेशित किया गया। राजू स्वीट कार्नर के पास रोड की तथा जी0टी0रोड के कतिपय स्थानों पर गढढे की पैंचिग तथा ज्योति स्वीट हाउस के पास एक मार्ग प्रकाश लाइट की व्यवस्था करने हेतु कहा गया।राजापुर में पैच वर्क नहीं पाया गया अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि आज रात में मेला मार्ग पर पैच वर्क पूर्ण करा दिया जायेगा। मार्ग प्रकाश व सफाई की व्यवस्था दोनों स्थानों पर सुदृढ़ पायी गयी। विधुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि मेले के दौरान विधुत व पेयजल की व्यवस्था निर्वाध रूप से चालू रखी जाय जिससे किसी प्रकार का व्यवधान न हो । महापौर जी द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पूर्व वर्षो की भॉति मेले से पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय जैसे मुख्य मार्ग व लिंक मार्ग पर पैच वर्क,समुचित सफाई,चूने का छिड़काव, फागिंग,मार्ग प्रकाश,शुद्व पेयजल की आपूति टैंकर, मोबाईल टायलेट,टूटे सीवर के ढक्कनों के बदलने का कार्य,लीकेज को ठीक करने की व्यवस्था आदि। उक्त में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

रिश्ते के मामा ने युवती की गला रेतकर की हत्या

किसी से फोन पर बात करने से था नाराज, आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में रिश्ते के मामा ने 18 वर्षीय युवती की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोप है कि युवती किसी से फोन पर बात करती थी। आरोपी ने कई बार ऐसा करने से मना किया। बात न मानने पर उसने इस जघन्य घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। निशा भारतीय (18) की शुक्रवार को गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसके रिश्ते के मामा राजकुमार भारती को हिरासत में ले लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि निशा किसी से लगातार फोन पर बात करती थी। उसने कई बार उसे ऐसा करने से रोका लेकिन वह अपनी आदत बाज नहीं आ रही थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विश्व हिन्दू महासंघ, अधिवक्ता प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित की गई गोष्ठी

प्रयागराज। विश्व हिन्दू महासंघ, अधिवक्ता प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में योगीराज महंत अवैधनाथ जी गौरक्षा पीठाधीश्वर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 22 सितम्बर को सायंकाल 04:00 बजे हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की लाइब्रेरी हाल में एक संगोष्ठी महंत जी के सम्मान में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अरविन्द नाथ अग्रवाल (प्रदेश संगठन मंत्री) तथा संचालन श्रीमती स्वाती अग्रवाल (प्रदेश मंत्री विधि प्रकोष्ठ) द्वारा किया गया।उक्त अवसर पर सर्वश्री अमरेन्दु सिंह (संयुक्त सचिव प्रेस), विनोद राय (कार्यकारिणी सदस्य), दीक्षा वर्मा, दिव्या यादव, जे०पी० राय, हनुमान प्रसाद कुशवाहा, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, सत्य प्रकाश पाण्डेय, फूलबदन यादव, निकुंश पवार, अमित कुमार, महजबी बेगम, नीतू पाल, रजनीश शुक्ला, नितिन पाल, शितांश द्विवेदी, राम बली साहू, विशाल कश्यप, राम रजित तिवारी, जितेन्द्र मिश्र, राम सूरत निषाद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन द्वारा साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन

प्रयागराज। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन शहर के एक प्रमुख होटल में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आलमगीर, वरिष्ठ अधिकारी, क्राइम ब्रांच, श्री जयप्रकाश सिंह, श्री गणेश गौर, श्री पंकज कुमार, अधिकारी, क्राइम ब्रांच, श्री अतुल तिवारी, उप निरीक्षक, क्राइम ब्रांच व प्रणीता स्वरूप ने उपस्थित सदस्यों को साइबर क्राइम की बारीकियां से अवगत कराया व बचाव के लिए मार्गदर्शन किया।इस गोष्ठी के प्रेरणास्त्रोत श्री अतुल यादव, पुलिस उपाधीक्षक, क्राइम ब्राँच व श्री विवेक द्विवेदी रहे एवं प्रमुख वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इंटरनेट की दुनिया में जागरूकता की कमी एक बड़ी चुनौती है व इंटरनेट उपयोगकर्ता को जोखिम व साइबर कानून की जानकारी आवश्यक है। वक्ताओं ने साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं व उनका शिकार होने से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की कार्य योजना प्रस्तुत की। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन की अध्यक्ष अमृता अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया वह क्लब के कार्यक्रमों की जानकारी दी। सचिव ऋतु कमल अग्रवाल ने आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष पंकज जैन ने सभा का संचालन किया। इस अवसर पर राधा सक्सेना, मधु अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे ।

कार्यालय ग्राम पंचायत मझुआ , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 — **टेण्डर/कोटेशन** — दिनांक 20-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/**SLWM** योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **मझुआ** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21–09–2023 से दिनांक 04–10–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 05–10–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 05–10–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	योजना	अनुमानित लागत	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	रिसोर्स रिकवरी सेन्टर निर्माण कार्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण 2 के अन्तर्गत ठोस और प्रबंधन कार्य	SLWM	500000.00	2 माह

बनवारी लाल पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मझुआ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

आशीष सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत मझुआ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कार्यालय ग्राम पंचायत महेवा , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/2023-24 — **टेण्डर/कोटेशन** — दिनांक 19-09-2023

मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/**SLWM/FFC** योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **महेवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के आगणन/प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20–09–2023 से दिनांक 04–10–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 05–10–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 05–10–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर भी उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	संख्या	योजना	अनुमानित लागत	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र	1 नग	SLWM	650000.00	2 माह
2.	सामुदायिक/ संस्था खाद गड्ढा	1 नग	SLWM	2225.00	2 माह
3.	सामुदायिक नाडेप	2 नग	SLWM	9600.00	2 माह
4.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट	1 नग	SLWM	57800.00	2 माह
5.	कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई–रिक्शा	1 नग	SLWM	35000.00	2 माह
6.	सामुदायिक सोकपिट	9 नग	SLWM	134550.00	2 माह
7.	फिल्टर चैम्बर	1 नग	SLWM	24000.00	2 माह
8.	हैण्डपम्प सोकपिट	7 नग	SLWM	104650.00	2 माह
9.	सामुदायिक/स0 लीचपिट	1 नग	SLWM	14000.00	2 माह

शिवराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महेवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत महेवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

जीवन को सफल बनाना है तो प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाना होगा: कुलपति

भारतीय संस्कृति में राम विषयक संगोष्ठी का एमडीपीजी कालेज में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हिन्दुस्तानी एकेडमी प्रयागराज एवं मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय भारतीय संस्कृति में राम विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में भव्य उद्घाटन हुआ।

कुलपति का स्वागत करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रभु श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेने एवं उनके किसी एक गुण को अपने जीवन में अनुकरण करने का संदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन को सफल बनाना है तो प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाना होगा। विशिष्ट अतिथि हिन्दुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश के सचिव एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा और प्राण तत्व भगवान राम के जीवन मूल्यों एवं चरित्र से प्रेरित होती है। प्रबंध समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने कहा है कि भारतीय सनातन धर्म में श्री राम जी की महिमा सर्व ग्राही है। प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति की चेतना के प्राण तत्व हैं। प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडे जी ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की बात की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज मिश्र ने सभी विद्वत जनों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय आयोजन समिति द्वारा पंडित मुनीश्वर दत्त साहित्य महोपाध्याय सम्मान प्रोफेसर एस वी एस एस नारायण राजू हिंदी विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी तमिलनाडु, पंडित विद्या शंकर पांडे साहित्य भूषण सम्मान प्रोफेसर राजेश कुमार गर्ग, हिन्दी विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, पंडित श्याम शंकर मिश्र साहित्य शिरोमणि सम्मान प्रोफेसर हरीराम मिश्र संस्कृत विभाग जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली , न्यायमूर्ति जगदीश चंद्र मिश्र साहित्य रत्न सम्मान श्री डी पी सिंह सचिव हिन्दुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं मुनीश्वर दत्त साहित्य महोपाध्याय सम्मान प्रोफेसर सीमा सिंह कुलपति उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज को प्रदान किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर हरि राम मिश्र एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर एस वी एस एस नारायण राजू और प्रोफेसर राजेश कुमार गर्ग ने अपने व्याख्यान दिए । इसके बाद द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर चंदन कुमार दिल्ली विश्वविद्यालय और विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रभु श्रीराम पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय की हिंदी विभाग के डॉ अरुण कुमार मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो शैलेंद्र मिश्र, प्रो राजीव मालवीय, प्रो अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो अरविंद मिश्र, प्रो किरण मिश्रा, प्रो राधाकृष्णन दूबे, प्रो ऊषा दूबे, प्रो ऊषा तिवारी, डॉ सी एन पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ संजय दूबे, डॉ डी के पाण्डेय, डॉ बलराज मिश्र सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

रामकथा के शुभारंभ पर गोपाल मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

मातृशक्ति और रामभक्त जनों ने की सहभागिता

अखंड भारत संदेश

सिर पर कलश लेकर गोपाल मंदिर से निकलती महिलाएं।

प्रतापगढ़। सेवा भारती द्वारा नगर के किशोरी सदन में 22 से 29 सितंबर तक आयोजित श्री राम कथा के शुभारंभ के अवसर पर श्री गोपाल मंदिर से आज भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में भारी संख्या में मातृशक्ति और श्री राम भक्त जनों ने सहभागिता की।

कलश यात्रा में भगवान श्री राम दरबार, छत्रपति शिवाजी महाराज और पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज की झांकी अत्यंत मनमोहक तथा भक्ति भाव का सृजन करने वाली रही। श्री राम के भक्ति पूर्ण भजनों के साथ जैसे-जैसे कलश यात्रा आगे बढ़ रही थी। नगर वासियों में भक्ति भाव का तीव्र संचार हो रहा था। स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा पूरे वातावरण को भक्ति भाव से परिपूर्ण कर रही थी। कलश यात्रा में मातृशक्ति की अपार शक्ति की अद्भुत छटा श्री राम कथा के महत्व की ओर लोगों का मानस जोड़ने में सफल रही। इस अवसर पर श्री गोपाल मंदिर में कलश यात्रा आरंभ होने के पूर्व नौ कन्याओं का पूजन किया गया। पूजन का कार्य विभाग प्रचारक प्रवेश, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर सौरभ पांडेय, पूर्व विधायक धीरज ओझा, कथा के मुख्य यजमान सियाराम, डॉ रंगनाथ आदि ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भूपेश त्रिपाठी, गोविंद खंडेलवाल, रतन चंद्र जैन, शिशिर खरे, शिव शंकर सिंह, कृष्णकांत मिश्र, नितेश खंडेलवाल, डॉ रंगनाथ शुक्ल, संजीव आहूजा, शरद केसरवानी, अश्वनी केसरवानी, रेखा खंडेलवाल, अनामिका उपाध्याय, डॉ कामायनी उपाध्याय, डॉ0 पीयूष कांत उपाध्याय, गिरजा शंकर मिश्र, डॉ चेत प्रकाश पांडे, राजन तिवारी, दिनेश अग्रहरि, डॉ दीप्ति पांडेय, रेनू पांडेय, आलोक गर्ग, आशीष जैसवाल, सुनील दुबे आदि उपस्थित रहे।

कालाकांकर राजभवन मे चल रही भोजपुरी फिल्म की शूटिंग

गंगा किनारे बनाई जा रही फिल्म

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह के गृह आवास कालाकांकर मे बीते 10 दिनों से भोजपुरी फिल्म की कलाकारों द्वारा सूटिंग की जा रही है जिसका आस पास के लोग भरपुर आनंद ले रहे है सूटिंग मे इंटर कालेज व डिग्री कालेज ट्रेनिंग सेंटर के साथ राजभवन परिसर व गंगा किनारे की सूटिंग को कैमरे मे कैद कर रहे है, जिसमें हल्दी के रश्म में राजकुमारी भी शामिल दिखाई दे रही हैं।लगभग एक सप्ताह मे शूटिंग पूरी हो जाने की उम्मीद जताई जा रही गुरुवार व शुक्रवार की रात शादी की बारात निकाली गई जिसमे लड़का पक्ष के बराती लोग जमकर डांस कर रहे थे जिसका लोग खड़े होकर भरपुर आंनद उठा रहे है।

फिल्म की शूटिंग में मौजूद पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

राजभवन व गंगाघाट बिजली की रोशनी से जगमगाता दिखाई दे रहा है सूटिंग के दौरान गंगा किनारे नाव को खड़ा करके उसको सजाकर शूटिंग करते हुए फिल्म बनाई जा रही है। शूटिंग मे कालाकांकर बस्ती के लड़के लड़किया भी नये वस्त्रों में शूटिंग मे जरूरत पड़ने पर शामिल की जा रही है जिससे शूटिंग को लेकर लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे है।

स्वच्छता अभियान में नगर में दी गई जागरूकता, निकली रैली

स्वच्छ सर्वेक्षण में लालगंज को सर्वश्रेष्ठ मुकाम का चेयरपर्सन ने जताया संकल्प

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्वच्छता के विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को नगर की बाजार में नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में बडी संख्या में व्यापारियों तथा अधिवक्ताओं व सभासदों एवं स्वच्छताकर्मियों की भागीदारी दिखी। वहीं नगर के मॉडल प्राथमिक विद्यालय के नन्हें मुन्हे स्लोगन के साथ स्वच्छ परिवेश को लेकर लोगों को सकारात्मक संदेश देते दिखे। रैली का शुभारंभ मॉडल प्राथमिक विद्यालय गेट पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इसके बाद चेयरपर्सन अनीता की अगुवाई में रैली नेशनल हाइवे लालगंज प्रतापगढ़ के सीओ कार्यालय के सामने से होते हुए इन्दिरा चैक पहुंची। यहां से रैली कालाकांकर हाइवे होते हुए नपं कार्यालय पहुंची। रैली मॉडल प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में संगोष्ठी में तब्दील हो गयी। यहां चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने एवं आदर्श टाउन एरिया के खिताब के लिए सामूहिक जागरूकता का मिशन जारी रहेगा। उन्होनें नगर के लोगों की हौंसला आफजाई करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में लालगंज नगर को प्रयागराज मण्डल में इसी सामूहिक संकल्प से प्रथम आने की उपलब्धि मिली हुई है। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन प्रधानाचार्य डा. वीरेश सिंह ने किया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल प्रतिनिधित्व करते दिखे। इस मौके पर विकास तिवारी, अनिकेत दुबे, रोहित मिश्र, अरविन्द, अधिवक्ता अनूप पाण्डेय, पूर्व बीडीसी गीता सिंह, सभासद पन्ने लाल पाल, सभासद दारा सिंह, व्यापारी नेता श्यामजी संवरिया, शास्त्री सौरभ, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्र, महेन्द्र मिश्र, छोटे लाल सरोज, आदि रहे।

आयुष्मान मेले में लगी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की ड्यूटी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले में चल रहे आयुष्मान मेले के तहत सीएससी पीएचसी पर आयोजित होने वाले हेल्थ कैंपों में डॉक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। 24 सितंबर को संडवा चंडिका के आयुषमान मेले में डॉक्टर राकेश आरके पांडे,अशोक पटेल पृथ्वी गंज में डाक्टर अंजली चैधरी डॉक्टर तैहिदा, सुखपाल नगर में डॉक्टर विवेक त्रिपाठी, डॉक्टर आरजू, दीवानगंज में डॉक्टर मनोज खत्री डॉक्टर, आरबी चैबे और एक अक्टूबर के मेले में सडवा चंडिका में प्रियंका सिंह हर्षिता, पृथ्वीगंज में हंसराज मौर्य अमित कुमार, सुखपाल नगर में आर के मौर्य, सुमित श्रीवास्तव दीवानगंज में डॉक्टर वकील, सोमेश श्रीवास्तव और 8 अक्टूबर को सड़वा चंडिका में डॉक्टर विवेक त्रिपाठी, आरजू, पृथीगंज में डॉक्टर मनोज खत्री, आरपी चैबे, सुखपाल नगर में डॉक्टर आरके पांडे अशोक पटेल, दीवानगंज में डॉक्टर अंजलि चतुवेर्दी और तौहीदा की ड्यूटी लगाई गई है। इस बारे में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि इन डाक्टरों की ड्यूटी लगी है वह आयुष्मान मेले में अपना योगदान दें अन्यथा की स्थिति उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा धमकी व तोडफोड का केस दर्ज किया है। उदयपुर के देवरी निवासी रामबहादुर के पुत्र रामसूरत सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पहली सितंबर को वह लालगंज सिविल कोर्ट आया था। यहां से घर वापस जा रहा था कि रास्ते में गांव के रामआनन्द के पुत्र नकछेद व बसन्त लाल तथा लीलापुर थाना के कटवढ़ राजू व मुकेश पुत्र त्रिभुवन ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपियो ने मारपीट के दौरान गाली देते हुए उसका मोबाइल फोन गिरा दिया। इससे उसका फोन क्षत विक्षत हो उठा। तहरीर में कहा गया है कि मारपीट में उसकी जेब से कुछ रूपया भी गिर गया। शोर मचाया तो राहगीर रूकने लगे। इस पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात राजू समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पार्टी के उम्मीद पर खरे उतरेंगे आशीष श्रीवास्तवः जिला प्रभारी

जनपद के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा नए जिला अध्यक्ष का हुआ अभिनंदन, व्यापारी, शिक्षक और समाज के सभी वर्गो ने किया सम्मान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव का जनपद के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा अभिनंदन समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा के संगठन के जिला प्रभारी केंद्रीय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य आदरणीय नागेंद्र रघुवंशी जी को भी सम्मानित किया गया।

बतौर मुख्य अथिति समारोह में शिरकत करने पहुंचे जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आशीष जी की योग्यता, सरलता, सहजाता और पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखकर पार्टी ने इन्हे प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। आशीष जी पार्टी के उम्मीद पर शत प्रतिशत खरे उतरेंगे। पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा आशीष के साथ वह कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण पांडेय गुरुजी ने कहा आशीष जी को अध्यक्ष बनाने का निर्णय पार्टी का स्वागत योग्य है। पूर्व जिला अध्यक्ष के के सिंह ने कहा की आशीष श्रीवास्तव बेहतर अध्यक्ष के रूप में साबित होंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा की आशीष की कार्य क्षमता और योग्यता को पार्टी ने पहचाना और मिशन 2024 को फतेह करने में आशीष जी बेहतर अध्यक्ष को भूमिका निभायेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष देवानंद त्रिपाठी ने इस जिम्मेदारी को कांटो भरा ताज बताया और कहा की सभी सभी कार्य कताओं को जोड़कर चलना होगा। बड़ों का आशीर्वाद और छोटों को स्नेह प्राप्त करना होगा।

जिलाध्यक्ष को सम्मानित करते प्रबुद्ध वर्ग के लोग।

पीबी पीजी के प्राचार्य डॉक्टर अमित श्रीवास्तव और पीबी इंटर कालेज के प्रिसिपल डॉक्टर अनूप सिंह ने अपना आशीर्वाद स्वरूप उद्बोधन दिया। प्रमुख व्यवसाई संजीव आहूजा, रतन जैन, डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा ने भी पार्टी के निर्णय का जमकर स्वागत किया। सांसद संगम लाल गुप्ता के अनुज दिनेश गुप्ता ने आशीष श्रीवास्तव की जमकर तरफ कर उनका अंग वस्त्रम से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा की पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसे पूरी गंभीरता के साथ सबको साथ लेकर पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य राम सिंह, महामंत्री शिक्षक संघ विनय कुमार सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रभात त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, संजीव आहूजा, रतन जैन, शरद केसरवानी, व्यापार मंडल के मंजीत छबड़ा, गोविंद मंजीत छबड़ा, जेपी मिश्रा पूर्व महासचिव जुबाए, वरिष्ठ भाजपा नेता साधू दुबे, भास्कर पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजयुमो संजय मिश्र, जिला अध्यक्ष भाजयुमो अंशुमान सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सिंह, संजय सिंह, बच्चन श्रीवास्तव, प्रबंधक वीएस मेमोरियल राकेश सिंह, सरोजनी इंटर कालेज के प्रबंधक राजेश भट्ट, रवि प्रताप सिंह, अरुण सिंह कानूनगो, धर्मेंद्र सिंह, गप्पू तिवारी, मुन्ना सिंह, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, गणेश राव, विकास गुप्ता, संजय सिंह सहोदर पुर, दिव्य प्रेम सेवा मिशन को राष्ट्रीय संरक्षिका डॉक्टर श्रद्धा सिंह, रीता श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव, अंजू शुक्ला, उमेश प्रताप सिंह सिटी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव व आभार डॉक्टर प्रभात शर्मा ने व्यक्त किया।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा में हुआ रक्तदान शिविर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत तृतीय ब्लड डोनेशन कैंप बोधी सिंह का पुरवा रामपुर खास के अंतर्गत आयोजित किया गया।

जिसमें जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अंशुमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कैंप का आयोजन जिला मंत्री अंकित सिंह ने किया। इस डोनेशन कैंप में 20 लोगों ने रक्तदान किया एवं 50 लोगों ने संकल्प पत्र भर आवश्यकता होने पर रक्तदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित सिंह, सुमित सिंह, नितिन, रोहित, वरुण मिश्रा, रोहित सिंह, सुरेंद्र, अखण्ड सिंह, सौरभ पाण्डेय, आदित्य प्रताप, राजमणि सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह आदि लोग ने रक्तदान किया और उपस्थित रहे।

शिविर में रक्तदान करते युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

दो किशोरियों का अपहरण, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दो किशोरियों के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के पुरवारा निवासी अमृत लाल के पुत्र बबलू सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस सितंबर को बगल के गांव पूरे भिखारी के आरोपी धीरेन्द्र सरोज पुत्र रामबहादुर घर के समीप से उसकी पन्द्रह वर्षीया तथा तेरह वर्षीया दो पुत्रियों को बहलाफुसला कर भगा ले गया। पीड़ित को आशंका है कि पुत्रियों के साथ अप्रिय वारदात घटित हो सकती है। तहरीर पर पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपी धीरेन्द्र के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

एएसपी के निर्देश पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। एएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना में पीड़ित के चुटहिल होने को लेकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के असरही सरैंया निवासी स्व. बुधराम के पुत्र राजकुमार कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार दिसंबर को वह बाइक से घर जा रहा था। जलेशरगंज लालगंज रोड पर शिवनी का पुरवा मील के पास विपरीत दिशा में एक बाइक ने टक्कर मार दी।

अनीति व अत्याचार के दमन के लिए हुआ भगवान श्रीकृष्ण का अवतार : करूणाशंकर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत के सांई की कुटी वार्ड अझारा में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ में दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। श्री शिवशक्ति नारायण महायज्ञ के तहत वार्ड के श्री शोभनाथ बाबा धाम में श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन में भी उत्साहजनक भूमिका निभायी। कथाव्यास पं. करूणाशंकर द्विवेदी जी महराज ने कहा कि जीवन में पुण्य वही है जो भगवत मार्ग से दूसरों की सेवा में अर्जित हो सके। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार के पटल पर अनीति के खिलाफ संघर्ष के अवतार में धर्म के पथ का सुंदर बोध कराया है। वहीं कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे आचार्य शिवसागर शुक्ल जी महराज ने कहा कि भगवान की कथा को सच्चे मन से हृदय में आत्मसात कर जीवन की साधना को सफल बनाया जा सकता है। उन्होनें श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान की आराधना का साधन सदैव सरल एवं निश्छल तपस्या में ही निहित है। संगीतमयी ज्ञानयज्ञ में भजन व संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कथा के संयोजक दासानुदास स्वामी शिवाकान्त द्विवेदी ने कथाव्यास पं. करूणा शंकर द्विवेदी तथा आचार्य शिवसागर शुक्ल का श्रद्धालुओं की ओर से श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर संकठा प्रसाद पाण्डेय, अटल बिहारी मिश्र, अमरनाथ मिश्र, सुशील पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्र, प्रवीण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, रामशिरोमणि मिश्र, श्रवण कुमार, सभासद हरिशंकर सरोज, कृष्णानंद मिश्र, दिलीप पाण्डेय आदि रहे।

विद्यालय में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय में कमरे की कुण्डी काटकर एमडीएम का रखा खाद्यान्न और कीमती सामान चोरी कर लिया। गुरूवार की रात हुई चोरी की घटना की जानकारी शुक्रवार को विद्यालय खुलने पर शिक्षकों को हुई। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सबीरा खातून ने चोरी की घटना की जानकारी विभागीय अधिकारियों को फोन पर दी। इसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

सांसद ने चंद्रयान-3 की सफलता पर वैज्ञानिकों को दी बधाई

प्रतापगढ़। सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने चन्द्रयान 3 की सफलता पर लोकसभा में बोलते हुये प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज मण्डल से शामिल रहे वैज्ञानिकों को बधाई दी। संसद के लोकसभा में चन्द्रयान 3 की सफलता पर आयोजित चर्चा में भाग लेते हुए सांसद ने कहा कि चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले प्रथम चन्द्रयान के लिये प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का सशक्त नेतृत्व और वैज्ञानिकों की दृढ़ इच्छाशक्ति ने दुनिया मे भारत का लोहा मनवा दिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और वैज्ञानिकों को उनके द्वारा निरंतर दिये गए।

10 को गिरफ्तारी 11 को अफसरो से शिकायत 12 को पुलिस की मुठभेड़ में झोल ही झोल

पुलिस मुठभेड़ में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के मामले में छूटे तमाम अहम सवाल, चरवा थाना पुलिस और एसओजी पुलिस के कथित मुठभेड़ की उच्च स्तरीय जांच हुई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र में लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों से कथित मुठभेड़ के मामले में थाना पुलिस और एसओजी पुलिस फंसती दिख रही है जिस अभियुक्त से पुलिस ने मुठभेड़ की कहानी बताई है 10 सितंबर की आधी रात को उसके घर से पुलिस उसे पकड़ कर ले आई है इस बात की शिकायत मुठभेड़ में घायल अभियुक्त के परिजनों ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराकर 11 सितंबर को अफसरो से की थी लेकिन उसके बाद 12 सितंबर की सुबह थाना पुलिस और एसओजी पुलिस ने लूट के अभियुक्त से मुठभेड़ की कहानी बताते हुए लूट की घटना का भंडाफोड़ कर दिया पुलिस मुठभेड़ में घायल लूट के अभियुक्त की इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत होते ही लूट के कथित अभियुक्त विजय कुमार के परिवार का आक्रोश बढ़ गया है। विजय कुमार सोनी की मां ने पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ दिखाकर गोली मारने का आरोप लगाया है। विजय की मां ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था। गौरतलब है की 8 सितंबर को चरवा थाने में ज्वेलर्स के साथ लूट हुई थी जिसके बाद एसओजी और थाना पुलिस लूट का पदार्फाश करने में लगी थी। इसी कड़ी में 12 सितम्बर को एसओजी और चरवा पुलिस ने दो बदमाशों से मुठभेड़ दिखाया था। और लूट की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस द्वारा बताई गई कहानी के मुताबिक विजय कुमार सोनी और आशीष निषाद पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हो गए और लूट का माल बरामद हुआ है विजय सोनी के हाथ में गोली लगी थी जबकि आशीष के पैर में गोली लगी थी। विजय का इलाज प्रयागराज के एसआरएन में चल रहा था इलाज के दौरान विजय की मौत हो गई। मौत के बाद एसआरएन पहुंची मां ने रो-रो कर बताया कि 10 सितंबर की रात पुलिस उसके घर पर सो रहे विजय को घर से तोड़फोड़ कर मारपीट करते हुए लेकर गई थी। जिसकी शिकायत 11 सितम्बर को मुख्यमंत्री से की गई थी उसके बाद पुलिस ने 12 सितंबर की सुबह मुठभेड़ की कहानी बताते हुए उसके बेटे को मार डाला है चरवा थाना पुलिस और एसओजी पुलिस के कथित मुठभेड़ की उच्च स्तरीय जांच हुई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे।

हिंदू जागरण मंच के ब्लॉक कार्यालय का सोलर पैनल खोल ले गए चोर

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र की चौकी अरका महावीरपुर के इलाके में आए दिन चोरों की धमक ने इलाके के लोगों की नींद उड़ा के रखी है। क्षेत्र में लगातार कई चोरी होने के चलते अब लोग रतरगा गुजारा करने को मजबूर हैं। बुधवार की देर रात इलाके के म्योहर गांव में बने हिंदू जागरण मंच के ब्लॉक कार्यालय से चोरों ने वहां लगा सोलर पैनल पार कर दिया जिसकी कीमत एक लाख से अधिक बताई जा रही है। मामले में जगत पाल सिंह के पुत्र आनंद सिंह ने लिखित शिकायत कर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए गांव निवासी जगतपाल सिंह के पुत्र आनंद सिंह ने बताया है कि उनके ही मकान में हिंदू जागरण मंच का कार्यालय बना हुआ है। जहां पर उन्होंने सोलर पैनल लगा के रखा था जिसे रात में चोरों ने पार कर दिया। सुबह जब उन्होंने देखा तो इसकी शिकायत इलाकाई पुलिस से की करते हुए मुकदमा लिख कर कार्यवाही की मांग किया है। खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा था जिसके जिसको लेकर संगठन के लोगों में आक्रोश है।

फांसी के फंदे में लटक कर युवक ने दे दी जान

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के युसुफपुर रारा डीहवा गांव के एक युवक शुक्रवार को फांसी के फंदे में झूल गया है मामले की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे फांसी के फन्दे से नीचे उतार कर संयुक्त जिला चिकित्सालय ले गए लेकिन युवक को देखते ही चिकित्सको ने मृतक घोषित कर दिया है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम बज गया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि काफी समय से युवक मानसिक तनाव में रहता था। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर अंतर्गत युसुफपुररारा डिहवा निवासी उदय भान उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र राकेश मौर्या काफी समय से मानसिक तनाव में रहता था मानसिक तनाव में रहने के चलते परिजन परेशान थे शुक्रवार को उदय भान ने घर के भीतर फांसी लगा ली है फांसी लगाए जाने की जानकारी मिलते ही आनन फानन में परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा परिवार वाले आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत धोषित कर दिया है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है गांव के तमाम लोग मृतक के घर पर एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वृद्ध की हत्या करने वाले बेटे पुत्रवधू पोते सहित पांच को आजीवन कारावास की सजा

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली के गांधीनगर में वर्ष 2021 में वृद्ध बैजनाथ पाल की दिन दहाड़े बीच सड़क पर लाठियां से पीट कर उनके बेटे पुत्रवधू और पोते द्वारा हत्या कर दी गई थी मामले में मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र पाल वीरेंद्र पाल पुत्रगण बैजनाथ पाल सचिन पुत्र सुरेंद्र पाल ललिता देवी पत्नी वीरेंद्र पाल मनोज देवी उर्फ आरती पत्नी सुरेंद्र पाल निवासी गांधीनगर मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार कर जेल भेजा मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में वृद्ध की हत्या में उनके दो बेटे दो पुत्रवधू और एक पोते को हत्या का दोषी पाया मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दो बेटे दो पुत्रवधू और एक पोते को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है 15 हजार 500 रुपए प्रत्येक दोषी पर अदालत में अर्थदण्ड लगाया है।

मंझनपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है गणेश महोत्सव

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। पूरे जनपद के साथ-साथ मंझनपुर नगर पालिका के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में श्री सिद्धिविनायक कमेटी द्वारा गणेश उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है मोहल्ले के नवयुवकों द्वारा भाद्रपद शुक्ल पक्ष मास की चतुर्थी तिथि को भव्य गणेश प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गणेश पूजन शुरू किया गया है प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजन भजन भक्ति कीर्तन के साथ देर रात तक

मंझनपुर नगर पालिका के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में श्री सिद्धि विनायक कमेटी के नवयुवक गणेश महोत्सव मनाने में लगे

मोहल्ले की महिलाएं गणेश पूजा और कीर्तन भजन में लीन रहती है गणेश महोत्सव के दौरान भक्तों द्वारा प्रतिदिन भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जा रहा है। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से कई जगह मूर्ति स्थापना संग पूजा-अर्चना शुरू हो गई मूर्ति स्थापना से दस दिनों तक सभी भक्त गजानन के रंग में डूबे रहेंगे महोत्सव के पहले दिन जिले के विभिन्न कस्बो में तमाम मूर्ति की स्थापना हुई गणेश आयोजन मंडल में श्री सिद्धिविनायक कमेटी नेहरू नगर मंझनपुर के नवयुवक उज्वल केशरवानी सत्यम मोदनवाल अर्जुन केशरवानी अंशित मोदनवाल विष्णु केशरवानी श्याम जी मोदनवाल आयुष केशरवानी हरषु केशरवानी अंकित मोदनवाल छेदु केशरवानी सहित तमाम नवयुवक बड़े उत्साह और उमंग के साथ गणेश महोत्सव मनाने में लगे हैं।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा से बदलेगा बच्चों का भविष्य : डायट प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। डायट प्राचार्य भारती त्रिपाठी ने शुक्रवार को डायट के प्रवक्तागण की एक बैठक ली जिसमे भारत सरकार के स्कूल एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी योजना राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद से सभी विकासखंडों के छात्रों के आवेदन कराने हेतु विशेष रूप से रणनीति बनाने हेतु प्रेरित किया।यह परीक्षा आर्थिक रूप से निर्बल आय वर्ग के मेधावी बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करना जो किसी राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 8 बच्चें जिन्हें विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने व आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने का अनुभव प्राप्त होगा व चयनित बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 23 अगस्त 2023 से प्रारंभ हुआ।जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर से बढ़कर 28 सितंबर हो गई है । ऑनलाइन आवेदन के अतिरिक्त डाक द्वारा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा 5 नवंबर 2023 को यह परीक्षा उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में वे छात्र छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं जो कक्षा 7 (सत्र 2022-23) की परीक्षा न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो उनके माता- पिता या अभिभावक की सकल वार्षिक आय 3.5 लाख से कम हो, अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इस परीक्षा हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। कौशाम्बी जिले के 105 कोटे के सापेक्ष मेधावियों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1000 की दर से 12000/- वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय,केंद्रीय विद्यालय,सैनिक स्कूल और प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र आवेदन नहीं कर सकते हैं। छात्र इस परीक्षा में आवेदन के साथ समकक्ष अधिकारी/तहसीलदार की ओर से निर्गत आरक्षण व आय संबंधित प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य है। इस परीक्षा में कुल 180 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमें 90 प्रश्न रीजनिंग के 35 प्रश्न विज्ञान के 35 प्रश्न सामान्य विज्ञान और 20 पर गणित करने होंगे। बैठक में शामिल समस्त प्रवक्तागण ने इस परीक्षा को सफल बनाने हेतु शपथ ली।बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्रवक्ता विपुल शिवसागर, डॉ अनिरुद्ध श्रीवास्तव,डॉ संदीप तिवारी, नरेंद्र कुमार,कौशलेंद्र मिश्र,नीतीश कुमार यादव,धीरज कुमार,शबनम सिद्दीकी, डॉ अनामिका सिंह, सबीह मुस्तफा सुरेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

खूंखार दिखने वाले आवारा पशु हमले कर आम जनमानस को कर रहे हैं घायल

अखंड भारत संदेश

आवारा पशुओं से हजारों किसान परेशान

कौशांबी। योगी सरकार और उनके अधिकारियों द्वारा बार-बार आवारा पशुओं पर रोक लगाए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं लेकिन कौशांबी जिले में आवारा पशुओं पर रोक लगाए जाने के निर्देश का पालन होता नहीं दिख रहा है जिले के मंझनपुर तहसील के कोडर सेवकूपुर ऊनो सहित तमाम गांव में खुलेआम सैकड़ो आवारा पशु घूम रहे हैं खेतों में झुंड का झुंड घूम रहे आवारा पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं आने जाने वाले लोगों पर खूंखार दिखने वाले आवारा पशु हमले कर आम जनमानस को घायल कर रहे हैं आए दिन अधिकारियों से शिकायतें हो रही है लेकिन उसके बाद भी आवारा पशुओं पर रोक लगाने का प्रयास नहीं हो रहा है पशुपालन विभाग से लेकर ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर पालिका के जिम्मेदार पूरी तरह से इस मामले में लापरवाही बरत रहे हैं जिससे आम जनमानस के साथ-साथ किसान परेशान है ग्राम पंचायत के साथ-साथ नगर पंचायत नगर पालिका में भी आवारा पशु सड़कों पर घूमते देखे जाते हैं जो आम जनमानस का बड़ा नुकसान कर रहे हैं। आम जनमानस ने एक बार फिर योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवारा पशुओं पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

दर्जी समाज ने भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

जुलूस की शक्ल में नामदेव दर्जी महासभा के बैनर तले आयोजित हुआ कार्यक्रम

कौशांबी। मंझनपुर जनपद मुख्यालय के नहर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के बगल पूर्व अवर अभियंता विद्युत राम नरेश नामदेव के मकान में बृहस्पतिवार को नामदेव दर्जी महासभा के बैनर तले भारी संख्या में एकत्रित हुए दर्जी समाज के लोगों ने जुलूस की शक्ल में भाजपा पार्टी कार्यालय पहुंचकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राधेश्याम नामदेव मौजूद रहे। वही कार्यक्रम का संचालन सतीश नामदेव ने किया तो कार्यक्रम की अगवाई जिलाध्यक्ष नामदेव दर्जी महासभा सुशील कुमार द्वारा किया गया।

बता दें कि बृहस्पतिवार को नामदेव दर्जी महासभा के बैनर तले दर्जी समाज के सैकड़ो लोग एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य का माला फूल से जोरदार स्वागत किया इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि जिस तरह से नामदेव समाज के लोगों ने मेरा स्वागत किया है मैं इस समाज के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहूंगा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी है यहां ना तो परिवारवाद है और ना ही धर्मवाद है पार्टी के लिए जो सच्चे सिपाही की तरह काम करता है पार्टी उसे सत्तारूढ़ जरूर करती है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के तौर पर धर्मराज मौर्य आप लोगों के सामने खड़ा है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि मैं दर्जी समाज नहीं बल्कि सभी पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों का आवाहन करता हूं कि आप लोग कौशांबी ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाएंगे। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राधेश्याम नामदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें चाहे दलित हो चाहे पिछड़ा फिर चाहे सामान्य हो हर वर्ग का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यहां परिवार वाद नहीं चलता है यहां सिर्फ जो पार्टी के लिए काम करता है पार्टी उसका सम्मान जरूर करती है। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं भारतीय जनता पार्टी के लिए यह मेरा नामदेव समाज तन मन से पूरी मेहनत करता था और करता रहेगा। इस दौरान नामदेव दर्जी महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष बुद्ध सेन नामदेव, प्रमोद कुमार नामदेव, उरगेश श नामदेव मूलचंद नामदेव ,वीरेंद्र शंकर नामदेव, कमलेश नामदेव, डॉ राजेंद्र नामदेव, विष्णुदेव नामदेव, दिलीप नामदेव, शिवकुमार नामदेव सहित भारी संख्या में नामदेव समाज के लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

जन शिक्षण संस्थान द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी

कौशाम्बी। जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा संस्थान मुख्यालय पर दिनांक 16 सितंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सभी स्टाफ एवं अनुदेशक/ अनुदेशिकाओं एवं प्रशिक्षार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक राजकुमार पाण्डेय ने स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और यह भी बताया कि दिनांक 16 सितंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला श्रद्धा तिवारी रूपा कुमारी करिश्मा देवी सूरज हिमांशु आकांक्षा शिवानी आकाश कविता अभिलाषा लगभग 50 प्रशिक्षार्थी ने स्वच्छता की शपथ ली।

ट्रक की टक्कर से स्कूली छात्र गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा नवीन मंडी समिति के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे छात्र को ट्रक ने टक्कर मार दिया है जिससे छात्र गंभीर घायल हो गया। सौरभ पाल उम्र तकरीबन 12 वर्ष पुत्र श्रवन कुमार पाल निवासी जोरावर पुर जय मां दुर्गे इंटर कालेज अमिरता पर का 6 वीं का छात्र है प्रतिदिन की भांति सौरभ आज शुक्रवार को स्कूल जा रहा था सड़क पार करते समय राष्ट्रीय राजमार्ग नवीन मंडी समिति के पास तेज रफ्तार ट्रक नंबर ल फ 38अ ऋ0380 ने टक्कर मार दिया जिससे छात्र के बायां हाथ पूर्ण रूप से छतिग्रस्त हो गया दुर्घटना से छात्र शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायल छात्र को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।मौके पर पहुंचे परिजन बेहतर उपचार हेतु घायल छात्र को फतेहपुर ले गए हैं अझुवा चौकी पुलिस ने ट्रक सहित ड्राइवर को कब्जे में ले लिया है।

गैस सिलेंडर में लीकेज से लगी आग में गृहस्थी का सामान जलकर खाक

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा में गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई,आग से घर के अंदर रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया,आग लगने के बाद घर के लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार पटेल पुत्र राज किशोर राजगीर है। मेहनत मजदूरी कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता है, गुरुवार की रात उसकी पत्नी मनोरमा गैस चूल्हे पर दूध पका रहा थी, अचानक गैस पाइप लीक हो जाने से चूल्हे से आग लग गई,आग बढ़ती देख महिला चिल्लाती हुई कमरे से बाहर निकल गई जब तक गृह स्वामी और आवाज सुनकर जुटे पड़ोसी आग पर काबू पाते और पाइप व रेगुलेटर को सिलेंडर से अलग करते आग से कमरे में रखा हुआ इनवर्टर, बैटरी, मोबाइल, लैपटाप, मिक्सी मशीन, कपड़े, राशन और 6000 रुपए नगदी सहित सब कुछ जलकर राख हो गया।

नेवादा ब्लॉक के मखऊपुर गांव में लगा जन चौपाल

निकली गई तिरंगा रैली हर घर से एकत्रित किया गया मिट्टी वा अक्षत

अखंड भारत संदेश

चायल कौशाम्बी। गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में मखऊ पुर गांव में चौपाल का आयोजन शुक्रवार को किया गया है चौपाल की अध्यक्षता डॉ रवि किशोर द्विवेदी मुख्य विकास अधिकारी ने किया ग्राम प्रधान अकील अहमद ने फूल मालाओं से स्वागत कर राधा कृष्णा की स्मृति चिन्ह मुख्य विकास अधिकारी को भेंट किया मौजूद अधिकारियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र किया और गायों में लंपी बीमारी के बचाव के बारे में बताया और टीकाकरण करने को कहा इसी तरह सिंचाई विभाग के अधिकारी ने भी सिंचाई विभाग की योजनाओं को बताया चौपाल में लेखपाल की मौजूदगी न होने से मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यवाही करने को कहा मेरा माटी मेरा देश के तहत मुख्य विकास अधिकारी की देखरेख में तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें हर घर से माटी व चावल लिया गया। 22 सितंबर शुक्रवार को सीडीओ की अध्यक्षता में नेवादा ब्लाक के ग्राम पंचायत मखऊपुर में पोषण माह के अंतर्गत गोद भराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम राधा रानी सुपरवाइजर की अगुवाई में किया गया तथा सुपोषण से संबंधित रैली भी निकल गई और सभी को पोषण से संबंधित बातें बताई गई। इस मौके पर सीडीपीओ नेवादा, बीडीओ नेवादा एडीओ पंचायत बीएम विश्वनाथ केसरवानी, बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर राधा, एडीओएजी कृषि विभाग जैनेंद्र कुमार ग्राम प्रधान अकील अहमद, पंचायत सचिव नीलू कैथवास,बीसी सखी श्वेता मनरेगा मेठ अनुराधा व ग्राम के सम्मानित लोग राकेश दिवाकर, शिवराज, मुकेश कुमार, गंगा प्रसाद, शमीम अहमद वा समूह की महिलाएं सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

सरसवा ब्लाक के अलवारा गांव में जन चौपाल में दी गई योजनाओं की जानकारी

महेवाघाट कौशाम्बी सरसवा विकासखंड के ग्राम पंचायत अलवारा में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत शुक्रवार को जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर गांव की समस्या गांव में समाधान करने के लिए तमाम अधिकारी एकत्रित हुए जन चौपाल में अधिकारियों ने शासन के अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया है। शुक्रवार को अलवारा गांव में उप आयुक्त श्रम एवं रोजगार मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में जन चौपाल का आयोजन किया गया शान द्वारा जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई मनरेगा योजना की भी जानकारी ग्रामीणों को दी गई मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया और साथ में कलश यात्रा निकालते हुए घर-घर माटी और अक्षत एकत्रित किया गया जन चौपाल आयोजन कार्यक्रम में एपीओ आशीष मिश्रा एडीओ मार्तंड सिंह एडीओ आइएसबी सतीश पांडे ग्राम विकास अधिकारी राम भवन ग्राम प्रधान दया शंकर सरोज कोटेदार राम आसरे सरोज एवं तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

संपादक की कलम से

भारत-कनाडा सम्बन्ध सुधरें

कनाडा में नई गाइडलाइन, शराब न ही पिएं तो बेहतरगोरखाओं की अग्निपथ भर्ती पर भारत-नेपाल संबंधों को झटका

कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या और उसे लेकर दिये गये वहां के प्रधानमंत्री के बयान को लेकर भारत-कनाडा के बीच कटुता बढ़ चली है जिसका कई तरह से असर पड़ सकता है। इससे जहां एक ओर दोनों देशों के बीच परस्पर व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा वहीं इसके चलते दोनों देशों में रहने वाले सिखों और हिंदुओं के बीच भी रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसके लिये बहुत जरूरी है कि भारत और कनाडाई सरकारें आपस में बात कर मुद्दों को सुलझाए।

दरअसल ब्रिटिश कोलंबिया में एक कनाडाई सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध खराब हो चले हैं। सोमवार को अपनी संसद को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हत्या को भारत सरकार से जोड़ा। इतना ही नहीं, कनाडा ने भारत के राजनयिक को निष्कासित कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी उनके समकक्ष कनाडाई अधिकारी को देश छोड़ने को कह दिया। इसके कारण दोनों देशों के राजनयिक रिश्ते कटु हो गये हैं जिसे सुधारे जाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां रहने वाले हिन्दुओं को कनाडा छोड़ने की धमकियां भी मिलने लग गई हैं। हिन्दुओं को यह भी लगता है कि कनाडाई सरकार का झुकाव सिखों की तरफ ज्यादा है।

भारत और कनाडा के बीच 8.16 अरब डॉलर का व्यापार होता है। बड़ी संख्या में भारतीय मूल के परिवार वहां बसे हुए हैं। वर्ष 1900 के आसपास से बड़ी संख्या में लोगों का भारत से वहां जाकर बसना प्रारम्भ हुआ था। ज्यादातर लोग पंजाब प्रांत से गये थे और ब्रिटिश सैनिकों के तौर पर उनका जाना हुआ था। बाद के वर्षों में जब कनाडा शिक्षा का एक बेहतरीन हब बना तथा वहां रहन-सहन का स्तर बेहतरीन होने पर लोगों ने पहले तो वहां शिक्षा पाई और बाद में वे वहीं बस गये। 2021 की जनसंख्या के मुताबिक कनाडा में 7.70 लाख सिख और 8.28 लाख हिन्दू हैं जो कुल आबादी का क्रमशः 2.0 एवं 2.3 फीसदी है। सिख बड़े व्यवसायी एवं खेतों के मालिक हैं तो वहीं हिन्दू ज्यादातर नौकरीपेशा हैं। आज भी पंजाब से जाने वालों का वह उच्च वरीयता वाला देश है, चाहे वे हिंदू हों या सिख। कनाडा में दोनों समुदायों के सम्बन्ध बनते-बिगड़ते रहे हैं। भारतीयों की यहां की राजनीति में अच्छी भागीदारी है और भारतीय मूल के कई लोग सरकार में मंत्री रहे हैं, जिनमें सिख काफी हैं।

1980 के दशक में भारत के खालिस्तानी आंदोलन को कनाडा के सिखों द्वारा मदद करने की बात सामने आती रहती थी। वहां के कई अलगाववादी सिख नेता इस आंदोलन को निर्देशित भी करते थे। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत में अब यह आंदोलन चाहे समाप्त हो गया हो परन्तु कनाडा से इसकी सुगबुगाहटें अक्सर सुनाई दे जाती हैं। पिछले दिनों ब्रिटिश कोलम्बिया राज्य में एक गुरुद्वारे के बाहर कुछ नकाबपोशों ने अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी जिस पर बयान देते हुए कनाडाई पीएम ने इसमें भारत सरकार की संलिप्तता बतलाकर मामले को गरमा दिया। एक दूसरे के राजनयिकों के निष्कासन ने स्थिति को और भी बिगाड़ दिया है। बात यहीं तक नहीं रुकी। एक अन्य खालिस्तानी चरमपंथी गुरुपतवंत सिंह पन्नू का ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे हिन्दुओं को कनाडा छोड़ देने की चेतावनी देते हुए देखा गया है। पन्नू ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि निज्जर के मारे जाने पर हिन्दुओं ने जश्न मनाया था। पन्नू का हिन्दुओं पर आरोप था कि वे न केवल भारत सरकार का समर्थन करते हैं बल्कि कनाडा

पं. दीनदयाल उपाध्याय हैं नये भारत के निमार्ता



-: ललित गर्गः-

भारतीय समाज एवं राष्ट्र को सुखी, संपन्न एवं मंगलकारी बनाने के निमित्त ह्यएकात्म मानव-दर्शनह्ल व ह्यअन्त्योदयह्ल की अद्भुत संकल्पना देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र-निमार्ता एवं समाज-सुधारक महाव्यक्तित्व थे। आज की भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के सिद्धान्तों को अग्रसर करते हुए उन्नत, सशक्त एवं विकसित भारत को आकार दे रही है। उन्होंने भारत के जन-मन-गण को गहराई में आत्मसात करते हुए न केवल वैचारिक क्रांति की बल्कि व्यक्ति-क्रांति के भी प्रेरक बने। उनके दर्शन में आज भारत की संस्कृति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ मानव को केंद्र-बिंदु में रखकर ही राष्ट्र एवं समाज स्थापना की प्रेरणा मिलती है। सहृदयता, बुद्धिमता, सक्रियता एवं अध्यवसायी वृत्ति वाले पंडित उपाध्याय एक व्यक्ति नहीं, अपितु एक विचार, एक संस्था और जीवन-शैली हैं। भारत और भारतीयता उनके जीवन और चिंतन का आवृत्त है। राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि मानने वाले और राष्ट्र एवं समाज के प्रति आजीवन समर्पित रहने वाले पंडितजी ने अपने मौलिक चिंतन से राष्ट्र-जीवन को प्रेरित और प्रभावित किया। पंडित उपाध्याय ह्यराष्ट्रधर्म प्रकाशनह्ल के संस्थापक एवं ह्यराष्ट्रधर्मह्ल, ह्यपांचजन्यह्ल, ह्यदैनिक स्वदेशह्ल व ह्यतरुण भारतह्ल जैसी राष्ट्रवादी पत्रिकाओं के प्रेरणास्रोत भी रहे हैं। मानव एकता जैसी विचारधारा और राष्ट्रवादी चिंतन के प्रेरक, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ व राष्ट्रीय जनसंघ के संस्थापकों में शामिल पंडित उपाध्याय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता भारत के सबसे तेजस्वी एवं यशस्वी चिंतकों में से एक रहे हैं।

पंडित दीनदयालजी कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं, और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे। उनके अमूल्य विचार एवं दर्शन न केवल भारत बल्कि विश्व की मानव सभ्यता और संस्कृति के लिए एक पाथेय है, एक नयी समाज-व्यवस्था का प्रेरक है। वे बीसवीं सदी के वैचारिक युगपुरुष थे, वे अजातशत्रु थे। एक प्रखर अर्थचिन्तक, शिक्षाविद्, साहित्यकार, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी ऐसे अजातशत्रु राष्ट्र-निमार्ता व्यक्तित्व थे जिन्होंने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी, सादगी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। उनकी मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। उनका जन्म 25 सितम्बर 1916 में मथुरा जिले के छोटे से गांव ह्यनगला चंद्रभानह्ल में हुआ था। तीन वर्ष की उम्र में आपकी माताजी का तथा 7

वर्ष की कोमल उम्र में आपके पिताजी का देहान्त हो गया। वह माता-पिता के प्यार से वंचित हो गये। किन्तु उन्होंने अपने असहनीय दर्द की दिशा को बहुत ही सहजता, सरलता तथा सहिष्णुता से लोक कल्याण की ओर मोड़ दिया। आप जीवनपर्यंत परम सत्य की खोज में लगे रहे और लोक कल्याण की भावना से ओतप्रोत जीवन्त साहित्य की रचना की। उनका मानना था कि भारत की आत्मा को समझना है तो उसे राजनीति अथवा अर्थ-नीति के चश्मे से न देखकर सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही देखना होगा। भारतीयता की अभिव्यक्ति राजनीति के द्वारा न होकर उसकी संस्कृति के द्वारा ही होगी। समाज में जो लोग धर्म को बेहद संकुचित दृष्टि से देखते और समझते हैं तथा उसी के अनुकूल व्यवहार करते हैं, उनके लिये पंडित उपाध्याय की दृष्टि को समझना और भी जरूरी हो जाता है।

पं. दीनदयालजी भारतीय जनता पार्टी के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। वे मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का जिम्मेदार मानते थे। वे हिन्दू राष्ट्रवादी तो थे ही, इसके साथ ही साथ वे भारतीय राजनीति के पुरोधा एवं भारतीय राजनीति के चाणक्य भी थे। उनकी कार्यक्षमता और परिपूर्णता के गुणों से प्रभावित होकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बड़े गर्व से सम्मानपूर्वक कहते थे कि- ह्ययदि मेरे पास दो दीनदयाल हों, तो मैं भारत का राजनीतिक चेहरा बदल सकता हूं।ह्ल

विलक्षण बुद्धि, सरल व्यक्तित्व एवं नेतृत्व के अनगिनत गुणों के स्वामी पं. उपाध्याय देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा था कि ह्यहमारी राष्ट्रीयता का आधार भारतमाता है, केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा।ह्ल

पं. दीनदयालजी को उनकी जो बात उन्हें सबसे अलग करती है तो वह है उनकी सादगीभरी जीवनशैली, सरलता एवं निरंहकारिता। इतना बड़ा नेता होने के बाद भी उन्हें जरा सा भी अहंकार नहीं था। सीमित साधनों में अद्भुत, जटिज एवं निराले कामों को अंजाम देना हो तो उनसे सीखना चाहिए। पंडित उपाध्याय की गणना भारतीय महापुरूषों में इसलिये नहीं होती है कि वे किसी खास विचारधारा के थे बल्कि इसलिये होती है कि उन्होंने किसी विचारधारा या दलगत राजनीति से परे रहकर राष्ट्र को सर्वोपरि माना। पंडितजी का जीवन हमें यह हिम्मत देता है - रख हौंसला, वो मंजर भी आयेगा, प्यासे के पास चलकर समंदर भी आयेगा।ह्ल वे महान चिंतक एवं विचार मनीषी थे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानव दर्शन जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी। उन्होंने एकात्म मानववाद के दर्शन पर श्रेष्ठ विचार व्यक्त करते हुए साम्यवाद और पूंजीवाद, दोनों की समालोचना की। एकात्म मानववाद में मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं और सृजित कानूनों के अनुरूप राजनीतिक कार्रवाई हेतु एक वैकल्पिक सन्दर्भ दिया गया है।

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित उपाध्याय का मानना था कि अपनी सांस्कृतिक संस्कारों की विरासत के कारण भारतवर्ष विश्व गुरु के स्थान को प्राप्त करेगा। पं. दीनदयाल द्वारा दिया गया मानवीय एकता का मंत्र हम सभी का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा था कि मनुष्य का शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा ये चारों अंग ठीक रहेंगे तभी मनुष्य को चरम सुख और वैभव की प्राप्ति हो सकती है। मानव की इसी स्वाभाविक प्रवृति को पं. उपाध्याय ने एकात्म मानववाद की संज्ञा दी। जी-20 की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हीं से प्रेरणा लेकर समूची दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का महा-मंत्र दिया जिससे दुनिया के शक्तिशाली देश भी अभिप्रेरित हुए हैं। भारतीय तात्विक सत्यों का ज्ञान देश और काल से स्वतंत्र है। यह ज्ञान केवल हमारी ही नहीं वरन पूर्ण संसार की प्रगति की दिशा निश्चित करेगा। पंडितजी का ह्यह्यचरैवेति-चरैवेतिह्लह्ल के प्रतीक पुरूष से भरा जीवन उत्साह देता है- थक कर न बैठ, ऐ मंजिल के मुसाफिर, मंजिल भी मिलेगी, और मिलने का मजा भी आयेगा।ह्ल लोकतंत्र, समानता, राष्ट्रीय स्वतंत्रता तथा विश्व शांति परस्पर संबद्ध कल्पनाएं हैं। किंतु पाश्चात्य राजनीति में इनमें कई बार टकराव हुआ है। समाजवाद और विश्व-शासन के विचार भी इन समस्याओं के समधान के प्रयत्न से उत्पन्न हुए हैं पर वे कुछ नहीं कर पाए। उलटे मूल को धक्का लगाया है और नई समस्याएं पैदा की हैं।

दीनदयालजी की दृष्टि में विश्व का ज्ञान हमारी थाती है। मानवजाति का अनुभव हमारी संपति है। स्व के साक्षात्कार के बिना न तो स्वतंत्रता सार्थक हो सकती और न वो कर्म चेतना ही जागृत हो सकती है, जिसमें परावलंबन और पराभूति का भाव न होकर स्वाधीनता, स्वेच्छा और स्वानुभवजनित सुख हो। विज्ञान किसी देश विशेष की बपौती नहीं। वह हमारे भी अभ्युदय का साधन बनेगा। विश्व-प्रगति के हम केवल द्रष्टा ही नहीं, साधक भी हैं। अतः जहां एक ओर हमारी दृष्टि विश्व की उपलब्धियों पर हो, वहीं दूसरी ओर हम अपने राष्ट्र की मूल प्रकृति, प्रतिभा एवं प्रवृत्ति को पहचानकर अपनी परंपरा, संस्कृति और परिस्थिति के अनुरूप भविष्य के विकास-क्रम का निर्धारण करने की अनिवार्यता को भी न भूलें। अज्ञान, अभाव तथा अन्याय की परिस्थितियों को समाप्त करने और सुदृढ़, समृद्ध, सुसंस्कृत एवं सुखी राष्ट्र-जीवन का शुभारंभ सबके द्वारा स्वेच्छा से किए जाने वाले कठोर श्रम तथा सहयोग की आवश्यकता पर वे बल देते हैं। यह महान कार्य राष्ट्र-जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एक नए नेतृत्व की अपेक्षा रखता रहा, भारतीय जनसंघ का जन्म इसी अपेक्षा को पूर्ण करने के लिए हुआ है।

दीनदयाल उपाध्याय मूल्यों एवं राष्ट्रीय भावना से जुड़े विचारक एवं लेखक थे, उन्होंने नाटक ह्यचंद्रगुप्त मौर्यह्ल और हिन्दी में शंकराचार्य की जीवनी लिखी। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की जीवनी का मराठी से हिंदी में अनुवाद किया। उनकी अन्य प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों में ह्यसम्राट चंद्रगुप्तह्ल, ह्यजगतगुरू शंकराचार्यह्ल, ह्यअखंड भारत क्यों हैह्ल, ह्यराष्ट्र जीवन की समस्याएंह्ल, ह्यराष्ट्र चिंतनह्ल और ह्यराष्ट्र जीवन की दिशाह्ल आदि हैं। पंडित दीनदयाल कहते हैं कि विश्व को भी यदि हम कुछ सिखा सकते हैं तो उसे अपनी सांस्कृतिक सहिष्णुता एवं कर्तव्य-प्रधान जीवन की भावना की ही शिक्षा दे सकते हैं। आपके विचारों के भाव इन पंक्तियों द्वारा अभिव्यक्त होते हैं- काली रात नहीं लेती है नाम ढलने का, यही तो वक्त है ह्यसूरजह्ल तेरे निकलने का।ह्ल आज पंडित उपाध्याय के सपनों का समाज बन रहा है, वह सूरज उदितोदित है, यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पंडित उपाध्याय के एकात्म मानव-दर्शन एवं अंत्योदय के सपने को साकार कर रहे हैं। उनका सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति को अपने जीवन पर गर्व हो और वह तेजस्वी स्वर में कह सके कि मुझे भारतीय होने पर गर्व है।

खालिस्तानी उग्रवादियों का पैरोकार कनाडा

-रोहित

खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाने वाले कनाडा का कहना है कि उसने भारतीय डिप्लोमैट्स की सर्विलांसिंग की थी। उसका कहना है कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सर्विलांसिंग के बाद यह जानकारी सामने आई कि वे निज्जर की हत्या में शामिल थे। यही नहीं कनाडा के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एपी से कहा कि एक मित्र देश से भी उन्हें इंटेलिजेंस मिला था, जिसके बाद ये आरोप लगाए गए। बता दें कि कनाडा श्फाइव आइजश नाम के संगठन में शामिल है। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन भी शामिल हैं। ये पांचों देश आपस में खुफिया जानकारी भी साझा करते हैं।

अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कनाडा को किस सहयोगी देश से इंटेलिजेंस मिली थी और उसमें क्या बात थी। बता दें कि भारत ने निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोपों से साफ इंकार किया है। इसके अलावा कनाडा की ओर से लगाए आरोपों पर सबूत की भी मांग की है, जिन्हें अब तक देने में जस्टिन ट्रूडो सरकार असफल रही है। हालांकि जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर से अपनी जिद को दोहराते हुए कहा है कि भारत की इस मामले में संलिप्तता थी। उन्होंने

गुरुवार को फिर से कहा कि यह मानने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ था और ये लोग राजनयिकों के संपर्क में थे।

हरदीप सिंह निज्जर कुछ साल पहले ही एक प्लंबर के तौर पर कनाडा पहुंचा था। फिर धीरे-धीरे वह खालिस्तानी चेहरा बन गया और कई धार्मिक स्थलों पर कब्जा जमा लिया था। कहा जाता है कि यहां चढ़ने वाली रकम से वह जस्टिन ट्रूडों की पार्टी को फंडिंग तक करता था। कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने भी गुरुवार को ऐसे आरोप लगाए थे। सोमवार को ट्रूडो ने संसद में आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ है। उसके बाद कनाडा ने एक भारतीय राजनयिक को बाहर कर दिया था और फिर भारत ने भी कठोर निर्णय लिया है।

बीते दिनों कनाडा में एक और खालिस्तानी समर्थक की हत्या कर दी गई है। कनाडा में रहने वाले आतंकी सुखदूल सिंह की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बंबीहा गैंग के गैंगस्टर सुक्खा दुनोके (सुखदूल) के कत्ल की जिम्मेदारी ली है। जिन लोगों ने सुखदूल को गोली मारी उनकी पहचान नहीं की जा सकी है।

खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोडने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को ह्यदेशनिकालाह्ल दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं।

भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था।

कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है।

भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने

पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो।



सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकतः इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया।

दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है।

आर्थिक तंगी के चलते भूखों मरता पाकिस्तान अब अपनी बदनीयती की वजह से प्यासे भी मरेगा !

अशोक भाटिया

आर्थिक तंगी के चलते भूखों मरता पाकिस्तान अब अपनी बदनीयती की वजह से प्यासे भी मरेगा। आतंकियों का पनाहगार बने पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद होने वाला है। भारत अब पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी जल समझौते पर आगे नहीं बढ़ना चाहता। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़नी तय हैं। इस मामलें में भारत ने वियना में एक तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा बुलाई बैठक में अपना वक्तव्य दे दिया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रतले पनबिजली परियोजनाओं पर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद पैदा हो गया है। पाकिस्तान इस विवाद का समाधान चाहता है। मगर आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान को भारत अब पानी नहीं देना चाहता। यह बैठक इसके समाधान के उद्देश्य से कार्यवाही का हिस्सा थी।

पाकिस्तान की आर्थिक हालत इस कदर बदहाल हो गई है कि वहां लोगों को दो वक्त की रोटी के लाले पड़े हैं। पाकिस्तान भूख से तड़प रहा है। आटे, दाल और चावल के लिए लोग आपस में छीना-झपटी और मारपीट तक कर रहे हैं। पाकिस्तान के आंतरिक हालात की ये तस्वीरें पूरी दुनिया देख रही है। महंगाई पाकिस्तान में लोगों की कमर तोड़ चुकी है। पाकिस्तानियों को भरपेट भोजन भी नसीब नहीं हो रहा। अभी तक पाकिस्तान भूख और आर्थिक बदहाली का मारा है, लेकिन अब उसके प्यासों मरने की भी नौबत आ गई है। भारत ने पहले उसे दर-दर कटोरा लेकर भीख मांगने को मजबूर किया था। अब यही भारत उसे बाल्टी पकड़ाने जा रहा है। क्योंकि पाकिस्तान की हरकतें ही कुछ ऐसी हैं। दरअसल भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी जल समझौता तोड़ने के मूड में है। इससे पाकिस्तान भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। अगर भारत ने यह समझौता तोड़ दिया तो पाकिस्तान को प्यासे मरने की नौबत आ जाएगी। फिर वह बाल्टी लेकर भटकेगा।

गौरतलब है कि भारत ने सिंधु जल समझौता 1960 में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। 62 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब भारत ने सिंधु जल समझौते में संशोधन की मांग की थी । उस समय पाकिस्तान को जारी नोटिस इसलिए भी मायने रखता था क्योंकि भारत के कई एक्सपर्ट्स समय-समय पर इस समझौते को रद्द करने की मांग करते रहे हैं। भारत भी इससे पहले पाकिस्तान को पानी रोकने की चेतावनी दे चुका था ।

पुलवामा हमले के बाद फरवरी 2019 में भारत के तत्कालीन परिवहन और जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत पाकिस्तान में बह रहे अपने हिस्से के पानी को रोक सकता है। सिंधु जल समझौता रद्द होने या भारत की ओर से पानी डायवर्ट करने से पाकिस्तान में नदी के पानी पर निर्भर रहने वाले करोड़ों लोगों के लिए संकट पैदा हो सकता है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने यह नोटिस 25 जनवरी 2022 को जारी किया था । भारत की ओर से जारी नोटिस में कहा गया था कि भारत, पाकिस्तान के साथ जल संधि को पूरी तरह से लागू करने का समर्थक रहा है। लेकिन पाकिस्तान की कार्रवाइयों ने भारत को जरूरी नोटिस जारी करने के लिए मजबूर कर दिया। नोटिस जारी करने का मुख्य मकसद पाकिस्तान को समझौते के उल्लंघन को सुधारने के लिए 90 दिनों की मोहलत देना था । पाकिस्तान नोटिस रिसीव करने के तीन महीने के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता था ।

दरअसल सिंधु जल समझौता तत्कालीन भारतीय प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तानी मिलिट्री जनरल अयूब खान के बीच कराची में सितंबर 1960 में हुआ था। लगभग 63 साल पहले हुई सिंधु जल संधि (क्हळ) के तहत भारत को सिंधु तथा उसकी सहायक नदियों से 19।5 प्रतिशत पानी मिलता रहा है। जबकि पाकिस्तान को लगभग 80 प्रतिशत पानी मिलता है। भारत अपने हिस्से में से भी लगभग 90 प्रतिशत पानी ही उपयोग करता रहा है। 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को छह नदियों में विभाजित करते हुए इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के तहत दोनो देशों के बीच प्रत्येक साल सिंधु जल आयोग की वार्षिक बैठक होना अनिवार्य है। सिंधु जल संधि को लेकर पिछली बैठक 30-31 मई 2022 को नई दिल्ली में हुई थी। इस बैठक को दोनों देशों ने सौहार्दपूर्ण बताया था। पूर्वी नदियों पर भारत का अधिकार है। जबकि पश्चिमी नदियों को पाकिस्तान के अधिकार में दे दिया गया। इस समझौते की मध्यस्थता विश्व बैंक ने की थी।

भारत को आवंटित तीन पूर्वी नदियां सतलज, ब्यास और रावी के कुल 168 मिलियन एकड़-फुट में से लगभग 33 मिलियन एकड़ फीट वार्षिक जल भारत के लिए आवंटित किया गया है। भारत अपने हिस्से का लगभग 90 प्रतिशत ही उपयोग करता है। बाकी बचा हुआ पानी पाकिस्तान चला जाता है। जबकि पश्चिमी नदियां जैसे सिंधु, झेलम और चिनाब का लगभग 135 मिलियन एकड़ फीट वार्षिक जल पाकिस्तान को आवंटित किया गया है।

सिंधु जल प्रणाली में मुख्य नदी के साथ-साथ पांच सहायक नदियां भी शामिल हैं। इन नदियों में रावी, ब्यास, सतलज, झेलम और चिनाब है। ये नदियां सिंधु नदी के बाएं बहती है। रावी, ब्यास और सतलुज को पूर्वी नदियां जबकि जबकि चिनाब, झेलम और सिंधु को पश्चिमी नदियां कहा जाता है। इन नदियों का पानी भारत और पाकिस्तान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

पुलवामा हमले के बाद भारत के तत्कालीन परिवहन और जल मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट करते हुए कहा था कि भारत सरकार पाकिस्तान जाने वाले अपने हिस्से के पानी को रोकने का फैसला कर रहा है। हम पूर्वी नदियों के पानी को डायवर्ट कर जम्मू-कश्मीर और पंजाब में अपने लोगों को इसकी आपूर्ति करेंगे। इसके अलावा, गडकरी ने उत्तर प्रदेश में कई जल परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा था कि हमारी तीन नदियां पाकिस्तान में बहती हैं। इसलिए हमारे हिस्से का पानी पाकिस्तान में जा रहा है। अब हम एक परियोजना बनाने और इन नदियों के पानी को यमुना में मिलाने की योजना बना रहे हैं।

कई विशेषज्ञों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों का कहना है कि सिंधु संधि जल समझौता एक ऐतिहासिक भूल थी। अब समय आ गया है कि भारत इस भूल को ठीक करे। इस समझौते में जरूरी संशोधन कर सिंधु और उसके सहायक नदियों का पानी उचित मात्रा में आवंटित करे। पाकिस्तान रुक-रुक कर भारत पर आतंकी हमला करता रहता है।

जिले में 39564 वृद्धों को मिल रही पेंशन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 39564 वृद्धों को पेंशन दी जा रही है। प्रतिमाह एक हजार रुपए धनराशि भेजी जाती है। जिले में वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 1978 वृद्धों की नई पेंशन मंजूर हुई है।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन योजना के तहत पात्रों को योजना से लाभान्वित करने को सरकार प्रयास कर रही है। आवेदन नियमों और पात्रता शर्तों को सरल बनाया गया है। प्रदेश के सभी बुजुर्ग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, वह योजना का लाभ ले सकते हैं। उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। जरूरतमंद आवेदक की आयु 60 वर्ष या ऊपर होनी चाहिए। आवेदक के पास पहचान पत्र, आधारकार्ड, बैंक पासबुक होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदक की अधिकतम वार्षिक आय 46080 रुपए और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपए होनी चाहिए। योजना के सफल व पारदर्शी बनाने को समाज कल्याण विभाग ने तकनीक का प्रयोग कर ठोस कदम उठाए हैं,।

जिला अस्पताल में अब चार बजे तक होगा अल्ट्रासाउंड , महीनों तक नहीं इंतजार करेंगे मरीज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर जिला अस्पताल में मेडिको लीगल अल्ट्रासाउंड के मरीजों का अल्ट्रासाउंड उसी दिन हर हाल में होगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा को निर्देश दिये कि जिलके अल्ट्रासाउंड कराने के निर्देश हैं, उनका हर हाल में उसी दिन अल्ट्रासाउंड कराया जायेगा, ताकि दूर-दराज से आने वाले मरीजों को दिक्कत न हो। सरकार की मंशानुसार लोगों को इलाज मिल सके। अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे का समय सवेरे आठ बजे से शाम चार बजे तक हो गया है, ताकि कोई मरीज एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड के उपचार बिना लौट न सके। सीएमएस डॉ शर्मा ने सभी डॉक्टरों व स्टाफ को निर्देश दिये हैं कि मरीजों को कोई दिक्कत न हो।

ज्ञात है कि पैथोलॉजी लैब 24 घंटे चल रही है। किसी डॉक्टर या स्टाफ व मरीजों का एक्स-रे या अल्ट्रासाउंड, खून की जांच उसी दिन नहीं हो रही है तो लिखित तौर पर सूचना सीएमएस को दे सकते हैं, ताकि संबंधित जिम्मेदार पर कार्यवाही हो सके। काम के प्रति लापरवाह कर्मियों को सुधारा जायेगा।

अग्रहरि समाज ने बंजारी माता की निकाली भव्य शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय में अग्रहरि वैश्य समाज ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बंजारी पूजा महोत्सव का आयोजन किया। अग्रहरि धर्मशाला से बनवारीपुर मोड़ व ट्रैफिक चैराहा तक शहर में बंजारी माता, शिव- पार्वती, राधा-कृष्ण और महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा धूमधाम से गाजे-बाजे से निकाली गई। शोभायात्रा दौरान जगह-जगह समाजसेवी भैरों प्रसाद अग्रहरि, अशोक अग्रहरि, बमभोले अग्रहरि, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने जलपान की व्यवस्था कराई। शोभायात्रा में अग्रहरि समाज के हजारों लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के बाद शहर के काली देवी मंदिर में पूजा-हवन के बाद अग्रहरि मैरिज हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भव्य भंडारा हुआ। कार्यक्रम में अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि, महामंत्री कुलभास्कर भी आये। सभी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में शैलेंद्र अग्रहरि, अशोक का योगदान रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोरेलाल अग्रहरि, रामनरेश अग्रहरि, शिवदास अग्रहरि, शिवकरन अग्रहरि, राजाराम अग्रहरि, अनुज अग्रहरि, अरुण अग्रहरि, सियाराम, पवन अग्रहरि, रमेश भूषण, पिंटू अग्रहरि, शम्भूशरण, सत्यनारायण, नानबाबू अग्रहरि, प्रमोद अग्रहरि, सोमनाथ, शारदा अग्रहरि, लवकुश, भूपेंद्र अग्रहरि व अग्रहरि समाज के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

महिला विधेयक पास होने पर बुंदेली सेना ने पीएम को कहा जननायक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। महिला आरक्षण विधेयक पास होने पर इतिहास रच गया। लोकसभा व राज्यसभा में दलों ने एक साथ विधेयक पर मुहर लगा दी। एक तिहाई सीटों पर महिलायें सांसद बना करेंगी। ये कानून लागू होने में अभी भले ही वक्त लगे, लेकिन कानून पास कराने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान को याद किया जाएगा।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने प्रधानमंत्री को जननायक करार देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकसभा व राज्यसभा में महिला शक्ति वन्दन अधिनियम 2023 पास हो गया। दोनो सदनों में पक्ष-विपक्ष ने महिलाओं के इस कानून पर मुहर लगाई है। देश में महिलाओं का हमेशा योगदान रहा है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में शोहरत के झंडे लहराए हैं। इतिहास गवाह है कि लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, सावित्री फुले, बेगम हजरत महल, एनी बेसेंट, रानी चेनम्मा, रानी दुर्गावती जैसी न जाने अनगिनत महिलाओं ने देश को गौरवान्वित किया। फाइटर जेट उड़ाने से लेकर विज्ञान तक, डॉक्टर, वकील, पत्रकार, राजनेता, सफल उद्यमी, पुलिस और फौज में हर जगह बेटियों की धमक है। हमारे देश की राष्ट्रपति महिला हैं, ऐसे में महिलाओं के विधेयक महिला शक्ति वन्दन अधिनियम मील का पत्थर है। कुछ वर्षों बाद सांसद बनकर एक तिहाई सीटों पर महिलायें देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदियों तक महिला कानून के लिए याद किया जाएगा।

समाजसेवियों ने किया रक्तदान

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डा हारून व डा शैलेंद्र की अगुवाई में रक्तदान शिविर लगा।

शुक्रवार को रक्तदान शिविर में महेंद्र कुमार तिवारी, उत्पल पांडेय, वसीम अहमद, अखिलेश मिश्रा (शिक्षक), दानिश (शिक्षक) ने रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा हारून ने बताया कि शिविर समय-समय पर लगाये जायेंगे। शिविर से लोगों में सहयोग की भावना बढ़ती है। उन्होंने रक्तदान करने वालों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता आयेगी।

गुमशुदा युवक को पुलिस ने परिजनों के किया सुपुर्द

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा एवं अपहर्तों की बरामदगी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने गुमशुदा युवक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

ज्ञात है कि 22 जुलाई को सरधुवा थाने के भानपुर गांव के गंगा प्रसाद पुत्र स्व भंडा ने थाने में सूचना दी कि उसका पुत्र शंकरलाल (31) जो मन्दबुद्धि किस्म का है, बिना बताये घर से चला गया है। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी को युवक की बरामदगी की जिम्मेदारी सौंपी।

दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने प्रयास कर 22 सितम्बर को गुमशुदा युवक शंकरलाल को सुरसेन चैराहा से सकुशल बरामद किया। शंकरलाल के परिजनों को थाने बुलाकर उसे उनके सुपुर्द किया। शंकरलाल को पाकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दीवान अरविन्द सोनी, सिपाही राहुल पुरी शामिल रहे।

दस्यु संरक्षण का वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा की अगुवाई में दरोगा सुशीलचन्द निगम की टीम ने दस्यु संरक्षण अधिनियम व डकैती के वारंटी रामसिया पुत्र सुकरू निवासी ठीकापुरवा मजरा ददरीमाफी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सुशील चन्द निगम, सिपाही हेमन्त साहू शामिल रहे।

मानिकपुर पुलिस ने तमंचा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीरप्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय की टीम ने रज्जन सिंह गोड़ पुत्र नेवाजी गोड़ निवासी चूल्ही मजरा बराहमाफी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय व सिपाही शुभम कुमार मिश्रा शामिल रहे।

आश्रित दें पेंशनर की मृत्यु की सूचना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि निदेशक कोषागार उप्र के निर्देश में पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की मृत्यु की सूचना परिवार के सदस्य/आश्रित कोषागार में दे सकते हैं। समाचार पत्रों/कोषागार/तहसील में सूचना पट्ट/अन्य माध्यम से पेंशनर/ पारिवारिक पेंशनर से कहा कि इस बाबत कार्यवाही करने के निर्देश मिले हैं। ऐसे मामले कोषागार के संज्ञान में आते हैं, जिस पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु के बाद परिजन सूचना नहीं देते। नतीजतन कोषागार पेंशन का भुगतान जारी रखता है। बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान की वसूली करनी पड़ती है। इस बाबत संबंधितों से कहा कि पेंशन/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु होने पर सूचना कोषागार को तत्काल दें।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकलेगी 25 को शोभायात्रा: त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। तीर्थक्षेत्र के परम्परागत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जलविहार एवं विशाल शोभायात्रा 25 सितम्बर को होगी। भगवान का तुलादान 26 को एवं विशाल भंडारा 27 सितम्बर को होगा।

ये जानकारी ज्योतिषाचार्य पं नारायणदत्त त्रिपाठी ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय में श्रीकृष्ण भक्त मंडल परिवार की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए त्रिपाठी ने कहा कि श्रीकृष्ण भक्तों ने पिछले 45 साल से अधिक समय से प्रत्येक वर्ष श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर ये कार्यक्रम करते हैं। परम्परा अनुसार इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा एवं जलविहार कर्वी के शंकर बाजार स्थित गंगाजी रोड आश्रम से अपरान्ह तीन बजे शोभायात्रा रामघाट को प्रस्थान करेगी। शाम पांच बजे रामघाट में जलविहार होगा। इसके बाद भगवान का तुलादान 26 सितम्बर को होगा।

उन्होंने बताया कि भगवान का 56 भोग भंडारा प्रसाद 27 सितम्बर को होगा। इस दौरान गौशाला में गौमाता का भंडारा एवं तीर्थक्षेत्र के संतो का भंडारा होगा। पूरे परिक्रमा मार्ग में श्रीराम की वानर सेना और निराश्रितों को भोजन कराया जायेगा। तैयारी बैठक में समाजसेवी कमलेश मिश्रा, गुड्डन दुबे, प्रद्युम्न अग्रवाल, डेविड गुप्ता, रामविशाल सोनी, शंकर प्रसाद गुप्ता, गुरुचरण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

गहरे खदान में नहाते वक्त बालक की डूबने से हुई मौत, प्राथमिक विद्यालय गोइयाखुर्द का था छात्र

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। गहरी खदान में नहाते समय नौ वर्षीय बालक की डूबने से मृत्यु की घटना पर लोगों की भारी भीड जमा हो गई।

ये घटना बरगढ़ थाना क्षेत्र के गोइयाखुर्द गांव में गुरुवार को दोपहर बाद हुई। बताया गया कि पड़ोसी बच्चों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। बच्चे को इलाज को तत्काल प्रयागराज के शंकरगढ़ निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को समझा-बुझाकर पोस्टमार्टम को राजी किया। घटना से परिजनों में मातम पसरा है, रो-रोकर बुरा हाल है।

बरगढ थाना क्षेत्र के गोइयाखुर्द के राजनारायण कोल का नौ वर्षीय पुत्र अंकेश गुरुवार को अपरान्ह एक बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय के पीछे खदान में नहाते समय 7-8 फीट गहरे पानी में डूब गया। पड़ोसी बच्चे सूरज व साहिल पुत्र दीपक व अनांशी पुत्री राकेश ने अंकेश के परिजनों को सूचना दी। प्रधान प्रतिनिधि भीम पाण्डेय ने एसडीएम मऊ राकेश पाठक व प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी सिंह को सूचना दी। सूचना पर नायब तहसीलदार मऊ विवेक कुमार व प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी सिंह, दरोगा अनिल मिश्र, राजस्व निरीक्षक बरगढ़ देवेन्द्र मिश्र ने शव को कब्जे में लेकर खफा परिजनों को समझा-बुझाकर पोस्टमार्टम को राजी किया। मृतक तीन भाई अंकित व अभिषेक में मंझला था। वह प्राथमिक विद्यालय गोइयाखुर्द का छात्र था।

शंकर ढाबा के इर्द-गिर्द अराजकों ने डाला डेरा ,मां-बहनों का गुजरना दूभर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय के कोतवाली कर्वी से चन्द कदम की दूरी पर बस स्टैण्ड स्थित शंकर ढाबा के बगल की गली से गुजरने वाली छात्राओं के साथ शोहदों के अभद्र बर्ताव के मामले में पुलिस ने अभी तक कोई पूंछताछ नहीं की। शंकर ढाबा के बगल में स्थित देशी शराब ठेके की दुकान में सवेरे नौ बजे से ब्लैक में शराब बेंची जा रही है, वहीं पर नाई की दुकान में गंजेडियों का जमघट भी लगता है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही की जरूरत नहीं समझी।

कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को कहा था कि वह दैनिक गश्त दौरान शंकर ढाबा के अगल-बगल में अराजकतत्वों के अड्डे को ध्वस्त करेंगे। उन्हें शायद समय नहीं मिला। ऐसे में देशी शराब ठेका व नाई की दुकान के आसपास अराजकतत्व डेरा बनाये हैं। अराजकतत्वों के भय से छात्राओं का वहां से गुजरना दूभर है। शंकर ढाबा बगल की गली में तमाम सम्भ्रांत परिवार के लोग रहते हैं। ऐसे परिवारों की बालिकाओं के गली से गुजरने पर गांजे की दुर्गन्ध से निकलना मुश्किल हो जाता है।

इसी प्रकार देशी शराब ठेके में दारु पीकर लोग निकलकर शंकर ढाबा की गली की दीवार में पेशाब करते हैं। ऐसे में वहां से गुजरने वाली मां-बहनों को भारी शर्मिन्दगी का सामना करना पडता है। कुछ कहने पर शराबी व गंजेडी मां-बहनों से अभद्र बर्ताव के साथ अश्लील फब्तियां भी कसने से बाज नहीं आते। वहां के सम्भ्रांत परिवार लोगों ने नाम न छापने के अनुरोध पर कहा कि नाई की दुकान से गंजेडियों का जमघट व दारु के ठेके को अन्यत्र खोला जाये, ताकि सम्भ्रांत लोग अमन-चैन से रह सकें।

टांडा मैडिकल कालेज में सामने आया रैंगिंग का मामला, अमन काचरू मामले की यादें हुई ताजा

धर्मशाला

प्रदेश के दूसरे बड़े स्वास्थ्य संस्थान टांडा मैडिकल कालेज में रैगिंग का मामला सामने आया है। वर्ष 2009 के अमन काचरू रैगिंग प्रकरण के 14 साल बाद टांडा मेडिकल कालेज (टीएमसी) में इस तरह से एक बार फिर रैगिंग का जिन्न निकला है। टीएमसी में एमबीबीएस के आठ सीनियर प्रशिक्षु डाक्टरों ने नए बैच के प्रशिक्षु डाक्टरों की रैगिंग कर डाली है। बताया जा रहा है कि सीनियरों ने जूनियर प्रशिक्षुओं को कुछ असाइनमेंट दी थीं, जिन्हें करने से इन्होंने मना कर दिया। इसके बाद सीनियर प्रशिक्षु डाक्टरों ने जूनियरों के कपड़े उतरवा दिए और उनकी रैगिंग की। मामला गत रविवार का बताया जा रहा है। घटना के बाद जूनियर सहम गए, लेकिन दो प्रशिक्षु डाक्टरों ने हिम्मत जुटाकर टांडा मेडिकल कालेज प्रशासन व प्रधानाचार्य कार्यालय में शिकायत दर्ज



कर दी। उधर प्रशासन ने तुरंत एंटी रैगिंग कमेटी में इस मामले को रखा तथा रैगिंग करने वाले एमबीबीएस बैच 2020 व 2022 के आठ प्रशिक्षु डाक्टरों पर 50-50 हजार का जुमार्ना लगाया और उन्हें तीन महीनों के लिए क्लासेज से निष्कासित करने के साथ-साथ छह महीनों के लिए होस्टल से भी निष्कासित कर दिया। कमेटी द्वारा 50 हजार की जुमार्ना राशि को सात दिनों के भीतर जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

अगर जूनियर प्रशिक्षु डाक्टर प्रशासन से शिकायत न करते, तो यह मामला बिगड़ भी सकता था। हैरान कर देने वाली बात है कि पूरे भारत को झकझोर देने वाले अमन काचरू प्रकरण के बाद भी टीएमसी में ऐसा रैगिंग का मामला सामने आया है। गौर हो कि उस दौरान सात मार्च, 2009 को टीएमसी में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के 19 वर्षीय प्रशिक्षु डाक्टर अमन काचरू को होस्टल में रैगिंग के दौरान उसके सहपाठियों संग चार वरिष्ठ छात्रों ने बुरी तरह पीटा था। चोटों के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराए जाने के अगले दिन अमन काचरू की मौत हो गई थी। अदालत ने अमन काचरू की रैगिंग करने वाले चारों छात्रों को भारतीय दंड संहिता की दफा 304, 452 और 34 के तहत दोषी ठहराते हुए चार साल का कठोर कारावास दिया था। रैगिंग की इस घटना ने पूरे देश में टीएमसी को शर्मसार किया था। मामले के 14 साल बाद टीएमसी में एक बार फिर रैगिंग का मामला सामने आने से प्रशिक्षु डाक्टर बहुत डरे हुए हैं।

राजापुर पुलिस ने रंगदारी वसूलने वाले दो दबोचे, दो हजार रुपये व स्कार्पियो बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में पुलिस ने अवैध वसूली करने वाले दो लोगों को स्कार्पियो समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 21 सितम्बर को फतेहपुर जिले के हकीमपुर गांव थाना खखरेरु के मोबीन अहमद पुत्र नजीर अहमद ने थाने में सूचना दी कि छीबो नदी पुलिया के पास स्कॉर्पियो सवार दो लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर दो हजार रुपये छीन लिये हैं। राजापुर पुलिस ने मामला दर्जकर पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक राजापुर ने आरोपियों की गिरफ्तारी को दरोगा केडी मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी।

दरोगा केडी मिश्रा ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर सौरभ सिंह पुत्र पिंगल सिंह निवासी अगरहुंडा थाना रैपुरा व सत्यम त्रिपाठी पुत्र नत्थू निवासी कौबरा थाना रैपुरा से छीने दो हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो यूपी/96एच-0630 समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारा 411 आईपीसी बढ़ाई गई। स्कार्पियो को सीज कर दिया। टीम में दरोगा केडी मिश्रा व सिपाही धीरेंद्र यादव शामिल रहे।

काठमांडू में सरकारी शिक्षकों की हड़ताल से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

काठमाडू। नेपाल के सरकारी शिक्षकों की हड़ताल आज तीसरे दिन में प्रवेश कर गई।हजारों शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के कारण काठमांडू में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। अब तक सरकार के साथ वार्ता के सभी प्रयास विफल रहे हैं। नेपाल शिक्षक महासंघ के

आह्वान पर देशभर के शिक्षक नेपाल की संसद में पेश किए गए नए शिक्षा विधेयक के विरोध में सड़कों पर हैं। यह शिक्षक सुबह से शाम तक काठमांडू के माईतीघर मंडला से संसद भवन तक प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षक महासंघ की अध्यक्ष कमला तुलाधर ने बताया कि सरकार से तीन चरणों में वार्ता हुई पर कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। आज फिर वार्ता होनी है। महासंघ ने सरकारी शिक्षकों और विद्यालय को स्थानीय निकाय के मातहत रखने का विरोध किया है। सरकार का कहना है कि 17 मांगें रखी गई हैं। अधिकांश मांगें संविधान संशोधन से जुड़ी हैं। इसलिए तत्काल इनको पूरा नहीं किया जा सकता। सरकार की तरफ से वार्ता का नेतृत्व कर उप प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आज वार्ता के बाद हड़ताल खत्म होने की उम्मीद है।

अमेरिकी एनएसए सुलिवन बोलेः भारत रूस नहीं है, चीन के पास अपनी चुनौतियां; हमारी प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन का बयान सामने आया है, जिसमें उनसे जब पूछ गया कि आखिर क्यों अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत और चीन को पास दिया जा रहा है और रूस को आर्थिक सहायता दी जा रही है? इसपर उन्होंने बताया कि हमने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरों से बचाने के लिए कई तरह की कार्रवाई की है।उन्होंने कहा कि भारत रूस नहीं है, और चीन की अपनी चुनौतियां हैं, जिनसे हम अपने संदर्भ में निपटते हैं। इसलिए, निश्चित रूप से, हम एक-एक करके देशों के साथ कैसे निपटते हैं, जिसके चलते मतभेद होंगे।



अमेरिका ने किया कनाडा का समर्थन

गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिहं निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर लगाए आरोपों की जांच में कनाडा का समर्थन करने की बात कही है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि किसी भी देश को इस तरह की 'विशेष छूट' नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि इस तरह के काम के लिए किसी भी देश को विशेष छूट नहीं मिल सकती। हम इसके खिलाफ खड़े हैं और अपने बुनियादी सिद्धांतों की रक्षा करेंगे। हम कनाडा के साथ भी लगातार परामर्श लेंगे क्योंकि वह कानूनी और राजनयिक प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं।

नीरव मोदी को लंदन में निजी तौर संचालित जेल में स्थानांतरित किया गया

लंदन। भारत में वांछित और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की सबसे बड़ी और सबसे भीड़भाड़ वाली जेलों में से एक से लंदन में एक निजी तौर पर संचालित जेल में स्थानांतरित किया गया है। नीरव भारत में धोखाधड़ी और धन शोधन के मामलों में वांछित है। बृहस्पतिवार को यह जानकारी मिली। नीरव (52) को असफल प्रत्यर्पण अपील कार्यवाही के संबंध में लंदन में उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए150,247.00 पाउंड के जुर्माने के संबंध में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए पेश होना था। हालांकि, मामले को अंतिम क्षण में नवंबर तक के लिए स्थगित करना पड़ा क्योंकि पूर्वी लंदन में बार्किंगसाइड मजिस्ट्रेट अदालत में नीरव को तकनीकी कारणों से वीडियो लिंक से पेश नहीं किया जा सका। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, 'उसे आंतरिक स्थानांतरण के तहत एचएमपी (हिज मैजेस्टी प्रिजज) वैंड्सवर्थ से एचएमपी टेम्ससाइड में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बारे में अदालत को आज तक जानकारी नहीं थी।'' दरअसल, वैंड्सवर्थ जेल से एक संदिग्ध आतंकवादी फरार हो गया था जिसके बाद उसकी तलाशी के लिए अभियान शुरू किया गया था।

भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान ने संयुक्त राष्ट्र को वैश्विक समस्याओं के निवारण में बताया अक्षम

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी व अस्थायी सदस्यों को बढ़ाने की मांग

न्यूयार्क। भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने संयुक्त राष्ट्र संघ को वैश्विक समस्याओं के निवारण में अक्षम करार दिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा से अलग हुई इन चारों देशों की बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी व अस्थायी सदस्यों को बढ़ाने की मांग की गई।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही है। अब इसे लेकर रणनीति बननी भी शुरू हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की आमसभा से अलग भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 की

बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की जरूरत पर सहमति बनी और कहा गया कि सुरक्षा परिषद का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो समकालीन भू-राजनीतिक व्यवस्थाओं का बेहतर ढंग से पेश कर सके। बैठक में ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और भारत के विदेश मामलों के सचिव संजय वर्मा शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि जटिल संकटों के कारण बहुपक्षवाद पर काफी दबाव है। संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समस्याओं का प्रभावी और समय से निवारण में अक्षम साबित हो रहा है, ऐसे में इसमें सुधार की जरूरत है।

बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की जरूरत है। जिससे इसे ज्यादा प्रभावी, वैध और कुशल बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में शामिल चारों देशों ने संयुक्त राष्ट्र से इस अहम मुद्दे पर आगे बढ़ने की अपील की।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में नेपाल के प्रधानमंत्री का संबोधन, कहा- देश में शांति स्थापना के लिए प्रतिबद्ध

काठमाडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए संबोधन में देश में जारी शांति प्रक्रिया को अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

प्रचण्ड ने विश्व समुदाय को भरोसा दिलाया कि शांति प्रक्रिया में सभी पक्षों के साथ न्याय होगा। प्रचण्ड ने कहा कि उनकी सरकार शांति प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में सक्रिय है। देश के भीतर और बाहर भी समझदारी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा। उन्होंने विश्व समुदाय से इसमें मदद करने की अपील की। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि शांति प्रक्रिया से संबंधित सत्य निरूपण विधेयक तथा संक्रमणकालीन न्याय संबंधी विधेयक संसद में पेश किया जा चुका है। उन्होंने विश्व समुदाय को इस बात के लिए आश्वस्त किया कि गम्भीर आपराधिक मामलों के दोषियों को आम माफी नहीं दी जाएगी।

न्यूयॉर्क में स्कूल बस खाई में गिरी, दो की मौत, पांच गंभीर

न्यूयॉर्क। फार्मिंगडेल हाई स्कूल की एक बस दोपहर स्थानीय समयानुसार करीब 1:12 बजे राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर 50 फीट नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अन्य दर्जनों घायल हो गए। इनमें पांच की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल और फार्मिंगडेल स्कूल डिस्ट्रिक्ट के प्रवक्ता जेक मेंडलिंगर के हवाले से दी गई है। कैथी होचुल ने साफ किया है कि मृतकों में कोई विद्यार्थी शामिल नहीं है। यह हादसा न्यू ऑरिंज काउंटी में हुआ। सबसे पहले बचाव कर्मियों की मदद से छात्रों को बस से निकाला गया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के लिए शहर शोक में डूबा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स में न्यूयॉर्क पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड एल मैजोन के हवाले से कहा गया है कि यह बस फार्मिंगडेल हाई स्कूल के 40 छात्रों और चार वयस्कों को ले जा रही थी। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। मैजोन ने कहा कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि बस के आगे के टायर में खराबी की

वजह से यह दुर्घटना हो सकती है। फार्मिंगडेल हाई स्कूल के प्रवक्ता जेक मेंडलिंगर ने कहा कि बस बैंड कैंप के लिए ग्रीले (पेंसिल्वेनिया) जा रही थी।

नेपाल के मलंगवा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव के बाद बेमियादी कर्फ्यू

काठमाडू। नेपाल के सर्लाही जिले के मलंगवा में शाम को गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर मुस्लिम समाज के कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। इसके बाद दोनों पक्षों में हुई झड़प में आठ लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ पुलिसकर्मी भी हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए शहर में बेमियादी कर्फ्यू लगा दिया गया है। बिहार के सीतामढ़ी से सटे नेपाल के सर्लाही जिले के मलंगवा में पिछले 15 दिनों में दोनों वर्गों के बीच झड़प की यह दूसरी बड़ी घटना है। गुरुवार देर शाम को प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रहे हिंदू युवाओं के समूह पर मुस्लिम मुहल्ले स्थित घरों की छतों से पथराव किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प हो गयी। सर्लाही जिले के डीएसपी दीपेन्द्र पंजियार ने शुक्रवार को बताया कि मुस्लिम मुहल्ले से गुरते समय हिंदुओं के समूह पर पथराव किया गया। आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े प्रबंध के बावजूद अचानक बिजली जाने के कारण अंधेरे का

फायदा उठाते हुए इस घटना को अंजाम दिया गया। डीएसपी पंजियार ने बताया कि विसर्जन जुलूस के आगे और पीछे साथ-साथ पुलिस टीम चल रही थी, लेकिन मुस्लिमों की तरफ से घर की छतों से पथराव किए जाने के बाद गुस्साई भीड ने कुछ दुकानों एवं घरों में तोड़फोड भी की। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। इस दौरान झड़प में 08 लोगों घायल हो गए। मौजूदा हालात के मद्देनजर मध्यरात्रि से पूरे मलंगवा शहर में बेमियादी कर्फ्यू लगा दिया गया है। सर्लाही के प्रमुख जिला अधिकारी इन्द्रदेव यादव ने कहा कि एहतियात के तौर पर कर्फ्यू लगाया गया है।

बाइडन से मिले जेलेंस्की, यूक्रेन को अमेरिका 128 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण प्रदान करेगा

वाशिंगटन। अमेरिका ने लंबे समय से रूस के हमलों का सामना कर रहे युद्धग्रस्त यूक्रेन को और सैन्य सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की है। यूक्रेन को अमेरिका 128 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण प्रदान करेगा।

यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के गुरुवार को जारी बयान के हवाले से दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति

वोलोदिमीर जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की। जेलेंस्की ने उनसे कहा कि अगर अमेरिका सैन्य मदद में कटौती करता है तो या तत्काल मदद नहीं देता तो यूक्रेन को रूस अपने अधीन कर लेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार वाशिंगटन की दूसरी युद्धकालीन यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने कुछ सांसदों से भी मुलाकात की और चेताया कि यदि अमेरिका ने सैन्य और वित्तीय सहायता करने में कंजूसी की उनका देश टूट जाएगा। यूक्रेन यह युद्ध हार जाएगा।

कोर्ट ने गैर-इस्लामिक शादी के मामले में जेल में बंद इमरान को भेजा समन, बुशरा बीबी से जुड़ा है मामला

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद की स्थानीय अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बुशरा बीबी के साथ कथित तौर पर गैर इस्लामी विवाह से संबंधित एक मामले में 25 सितंबर को तलब किया है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, सिविल जज कुदरतुल्लाह ने अटक जेल के अधीक्षक को पूर्व पीएम को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान जेल में बंद हैं। उन्हें तोशाखाना मामले में आरोपी पाए जाने के बाद उन्हें जेल में डाला गया था। इमरान खान को उनके लाहौर वाले आवास जमन पाक रेसिडेंस से पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। मौजूदा समय में इमरान खान पर अपनी तीसरी पत्नी बुशरा बीबी से इद्दत के दौरान निकाह करने का आरोप है। इद्दत एक इस्लामिक शब्दावली है, जिसमें अपने पति से तलाक लेने या उसकी मृत्यु के बाद दूसरी शादी करने से पहले महिला के इंतजार करने की एक निर्दिष्ट समय-सीमा होती है। इमरान खान ने जुलाई में अपने और अपनी पत्नी के खिलाफ दायर की गई अदालत की एक याचिका को चुनौती दी थी।इस याचिका में बताया गया था कि इमरान ने तीसरी शादी अपनी पत्नी के इद्दत के दौरान की थी।

कनाडा-भारत राजनयिक विवाद : पीएम जस्टिन ट्रूडो ने फिर आरोपों को गंभीरता से लेने की अपील की

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

व्यवस्था के लिए खड़े हैं।

जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि

जैसा कि मैंने सोमवार को कहा था, यह मानने के विश्वसनीय कारण हैं कि कनाडा की धरती पर एक कनाडा के नागरिक की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। हम भारत सरकार से इस मामले की सच्चाई जानने के लिए आगे बढ़कर हमारे साथ काम करने का आह्वान करते हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, मेरी प्रधानमंत्री (मोदी) के साथ सीधी और स्पष्ट बातचीत हुई, जिसमें मैंने बिना झिझक अपनी चिंताओं को साझा किया। हम भारत सरकार से इसे गंभीरता से लेने और इस मामले में पूर्ण पारदर्शिता लाने, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने का आह्वान करते हैं। हमारे देश में कानून का शासन है। हम कनाडा के लोगों को सुरक्षित रखने और हमारे मूल्यों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्य करना जारी रखेंगे।

हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की बातों में कुछ नरमी दिखी। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का महत्व विश्व में बढ़ रहा है और भारत एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमें न केवल एक क्षेत्र में बल्कि दुनिया भर में काम करना जारी रखना है।

ट्रूडो ने कहा कि हम उकसाने या समस्याएं पैदा करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन हम कानून का शासन और कनाडा के लोगों की रक्षा करने के लिए खड़े होने के महत्व के बारे में स्पष्ट हैं। इसीलिए, हम भारत सरकार से आह्वान करते हैं कि वे मामले की सच्चाई को उजागर करने, न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करें।

खैबर पख्तूनख्वा में सेना के जवानों का खुफिया ऑपरेशन; आठ आतंकियों को किया ढेर, पांच गिरफ्तार

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन के तहत जवानों ने आठ आतंकियों को मार गिराया। वहीं पाच आतंकियों को सेना के जवानों ने गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए सेना ने बताया कि पहला ऑपरेशन बन्नू जिले के जनी खेल सामान्य क्षेत्र में किया गया था।

सेना के जवानों और आतंकियों के बीच गोलीबारी में छह आतंकियों की मार गिराया गया तो वहीं पांच को गिरफ्तार किया गया है। सेना की मीडिया एजेंसी ने बताया के अनुसार गोलीबारी में मारे गए आतंकी सुरक्षाबलों के खिलाफ जुड़े कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। इसमें पिछले महीने ही जनी खेल में एक सैन्य काफिले में हमला करने का मामला भी शामिल है, जिसमें सुरक्षाबलों के नो जवान मारे गए

थे। उत्तरी वजीरिस्तान आदिवासी जिले के दत्ता खेल जनरल इलाके में खुफिया ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों के पास से हथियार भी बरामद किया गया। आतंकवादी को निष्क्रिय करने के लिए क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था।

सेना की मीडिया एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तान में आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल पूरी कोशिश कर रही है।